दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-49 सीहोर,मंगलवार 07 अप्रैल 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## विविध-समाचार

### दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में चूक; बैरियर तोड़कर घुसी कार, स्पीकर की कार पर स्याही फेंकी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा की सुरक्षा में भारी चूक का मामला सामने आया है। सोमवार को एक कार विधानसभा परिसर



का बैरियर तोड़कर अंदर घुस गई। बताया जा रहा है कि वाहन गेट नंबर 2 से अंदर घुस गया, जिससे सुरक्षाकर्मियों में दहशत फैल गई और अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। वाहन सवार ने स्पीकर के वाहन पर स्याही भी फेंकी है। इसके बाद वह सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए मौके से फरार हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वाहन विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से पहले बैरियर से टकरा गया था। इस दौरान गेट पर खड़े सुरक्षाकर्मी भी उसे रोक नहीं सके। वाहन किसका और उसमें कौन सवार था, इसको लेकर अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल शुरू कर दी है। शहर में भी वाहन को ढूंढने के लिए अलर्ट जारी किया गया है।

### कांग्रेस ने हिमंत बिस्वा के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दी, नामांकन रद्द कराने की मांग

नईदिल्ली (आरएनएस)। असम में विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रविवार को सरमा और उनकी पत्नी पर विदेश में अकूत संपत्ति बनाने और 3 पासपोर्ट रखने का आरोप लगाने के बाद सोमवार को पार्टी ने चुनाव आयोग में सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कांग्रेस ने चुनावी हलफनामे में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए नामांकन रद्द कराने की मांग की है।कांग्रेस असम प्रभारी भूपेश बघेल जालुकबाड़ी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग के साथ राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ्तर में शिकायत करने पहुंचे थे।

### टीवी अभिनेत्री सुभाषिनी का निधन, पारिवारिक झगड़े के चलते खुद की ली जान

चेन्नई (आरएनएस)। तमिल टीवी जगत से बेहद चौंकाने वाली खबर आ रही है। लोकप्रिय अभिनेत्री सुभाषिनी का निधन हो गया है। उन्हें टीवी शो कयाल में अहम किरदार के लिए जाना जाता था। रिपोर्ट के मुताबिक, पारिवारिक विवाद के चलते 36 वर्षीय श्रीलंका मूल की अभिनेत्री ने चेन्नई के अय्यप्पनथंगल स्थित एक निजी अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में पता लगते ही टीवी जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

## अरुणाचल मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़े ठेकों की सीबीआई करेगी जांच: सुप्रीम कोर्ट

नईदिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को अरुणाचल प्रदेश में सरकारी ठेकों में कथित गड़बड़ियों की जांच के लिए प्रारंभिक जांच शुरू करने का निर्देश दिया है। यह मामला खासतौर पर उन आरोपों से जुड़ा है, जिनमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़े लोगों को ठेके दिए जाने की बात कही गई है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया ने दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि सीबीआई दो हफ्तों के अंदर प्रारंभिक जांच दर्ज करे और कानून के मुताबिक आगे की कार्रवाई करे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच का दायरा 1 जनवरी 2015



से 31 दिसंबर 2025 के बीच दिए गए सरकारी ठेकों, वर्क ऑर्डर और उनके क्रियान्वयन तक रहेगा। हालांकि, अगर जरूरत पड़ी तो सीबीआई इस समय सीमा के बाहर के लेन-देन को भी देख सकती है, खासकर यह समझने के लिए कि असली लाभार्थी कौन हैं, किन-किन लोगों के बीच संबंध हैं और पैसे का प्रवाह कैसे हुआ।यह मामला दो गैर-सरकारी संगठनों सेव मोन रीजन फेडरेशन और वॉलंटरी अरुणाचल सेना की ओर से दायर जनहित याचिका (पीआईएल) के जरिए सामने आया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि करीब 1270 करोड़ रुपये के सरकारी ठेके ऐसे लोगों को दिए गए, जो मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़े हैं।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि कई ठेके नियमों को दरकिनार करके दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कई मामलों में खुले टेंडर की प्रक्रिया को अपनाया ही नहीं गया, जो कि पारदर्शिता के खिलाफ है।

### प्रधानमंत्री मोदी पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करने वाला एक्स अकाउंट डॉ निमो यादव होगा बहाल

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार की आलोचना करने वाले एक्स अकाउंट डॉ निमो यादव को बहाल करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति पुरुषैन्द्र कुमार कौरव ने सोमवार को आदेश देते हुए कहा कि अकाउंट बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा आपत्तिजनक के रूप में चिह्नित किए गए कुछ पोस्ट फिलहाल ब्लॉक रहेंगे। बता दें कि व्यंग्यात्मक अकाउंट को हाल में केंद्र सरकार ने ब्लॉक कर दिया था।कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा कि एक्स अकाउंट चलाने वाला संचालक एक समीक्षा समिति के सामने पेश होगा, ताकि यह जांच की जा सके कि क्या इन पोस्ट को ब्लॉक करना जारी रखना होगा।

## तमिलनाडु में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा

**6 साल पहले बाप-बेटे की हिरासत में मौत हुई थी, कोविड लॉकडाउन में दुकान खोली थी**

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा



सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है।कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई।दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया।वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे।

## एनएसजी भारत का अभेद्य कवच, इनकी वजह से हम हर हाल में सुरक्षित : मोहन यादव

**-लाल परेड मैदान में हुआ नेशनल सिक्योरिटी गार्ड शो, मुख्यमंत्री ने किया समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ**

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यद्यपि हमारी संस्कृति हमें सबके सुख की कामना करना सिखाती है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में दुनिया यह भी जान गई है कि यदि कोई हमें छेड़ेगा, तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। जो जिस भाषा में समझे, उसे उसी भाषा में समझाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है। एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी-शो में सहभागिता कर एनएसजी द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों के लिए आयोजित समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण और प्रदर्शन के साझा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अतिवादी ताकतें देश के विकास में बड़ी बाधक हैं। हमें ऐसी ताकतों से पूरी मजबूती से निपटना होगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में बीते कालावधि में हुई किसी भी प्रकार की अतिवादी, अप्रिय घटनाओं एवं असामान्य परिस्थितियों में एनएसजी गार्ड की पूरी मुस्तैदी से मौजूदगी ने हमें यह एहसास कराया है कि एनएसजी है तो हम हर हाल में सुरक्षित हैं। एनएसजी देश की सीमा के भीतर नागरिक सुरक्षा की पक्की गारंटी की तरह है। एनएसजी के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना राष्ट्र की रक्षा में तत्पर रहते हैं। यह बल अपनी पेशेवर क्षमता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उन्होंने लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी शो देखा और कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की। शो के दौरान एनएसजी जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का रीयलस्टिक सीन क्रिएट कर इस तरह के अटैक्स को काउंटर कर पूरी क्षमता से निपटने के लिए एनएसजी द्वारा अपनाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया एवं कार्रवाई का सजीव प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि यह शो पुरुषार्थ और साहस से पराक्रम की पराकाष्ठा के प्रदर्शन का परिचायक है। इस प्रशिक्षण प्रदर्शन में जवानों ने हवा में उड़ते हुए जो करतब दिखाए हैं, वे सच में अद्भुत है।

## मध्य प्रदेश में 9 अप्रैल तक जारी रहेगा आंधी-बारिश का दौर, आज 24 जिलों में अलर्ट

**- 7 अप्रैल से नया सिस्टम और बढ़ाएगा असर**



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज फिलहाल बदला हुआ है और 9 अप्रैल तक आंधी-बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है। सक्रिय टर्फ सिस्टम के कारण सोमवार को ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के करीब 24 जिलों में इसका असर देखने को मिलेगा।मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में फिलहाल मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं और 7 अप्रैल से एक पश्चिमी विक्षोभ भी प्रभावी होगा। इसके चलते कहीं तेज आंधी तो कहीं बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है।

सोमवार के लिए जिन जिलों में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया है, उनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट शामिल हैं।इससे पहले 4 और 5 अप्रैल को प्रदेश में मौसम ने तीखे तेवर दिखाए। शनिवार को 14 जिलों में ओलावृष्टि दर्ज की गई, जबकि 39 जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई। कई जगहों पर मौसम का नजारा कश्मीर जैसा नजर आया।

### पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बंगाल पर हमले की धमकी दी, केंद्र सरकार चुप है : ममता बनर्जी

कोलकाता(ए.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नदिया जिले में चुनावी जनसभा के दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कथित बयान से लेकर चुनाव प्रक्रिया तक कई मुद्दों पर सवाल उठाए। ममता बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता तक हमले की धमकी देने जैसी बात बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस पर भारत सरकार की ओर से अब तक कोई कड़ी प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मंत्री कोलकाता को निशाना बनाने की बात कैसे कर सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बंगाल आए थे, उन्होंने इस पर कुछ क्यों नहीं कहा? क्यों नहीं बताया कि सख्त कदम उठाए जाएंगे? हम इसकी जांच चाहते हैं।

## राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने ली शपथ, व्हीलचेयर पर पहुंचे शरद पवार

**विभिन्न राज्यों से चुने गए सांसदों ने क्षेत्रीय भाषाओं में ली शपथ**



नई दिल्ली,(ए.)। संसद के उच्च सदन राज्य सभा के लिए चुने गए नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ग्रहण की। इस दौरान शरद पवार व्हीलचेयर पर पहुंचे, जो समारोह का एक भावुक क्षण रहा। राज्यसभा के 19 नए सदस्यों के साथ केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी सांसद के रूप में शपथ ली।शपथ ग्रहण समारोह सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नए सदस्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से प्रतिनिधि शामिल हैं। महाराष्ट्र से माया चिंतामन इवनेत ने सबसे पहले शपथ ली, इसके बाद शरद पवार ने शपथ ग्रहण किया। राज्य से रामाराव सखाराम वाडकुट, ज्योति नागनाथ वाघमारे और रामदास अठावले ने भी सदस्यता की शपथ ली। तमिलनाडु से एम थाम्बिदुराई, तिरुचि सिवा और अंबुमणी रामदोस्स सहित कई नेताओं ने सदन में प्रवेश किया। वहीं पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रियो और अन्य सदस्यों ने शपथ ली। ओडिशा से भी विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह की खास बात यह रही कि अधिकांश सांसदों ने अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में शपथ ली, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।




### भोजशाला पर हाई कोर्ट में चली दो घंटे सुनवाई, हिंदू पक्ष ने दसवीं-ग्यारहवीं शताब्दी के कालखंड का उल्लेख किया



धार, (ए.)। मध्य प्रदेश के धार स्थित भोजशाला विवाद और लेकर इंदौर हाई कोर्ट में एक बार फिर सोमवार को सुनवाई हुई, जिसमे करीब 2 घंटे तक इस संवेदनशील मामले में विस्तार से सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में इतिहास, पुरातात्विक साक्ष्य और प्रशासनिक दस्तावेजों को लेकर दोनों पक्षों की ओर से गहन बहस देखने को मिली। हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। उन्होंने भोजशाला के ऐतिहासिक स्वरूप को विस्तार से बताते हुए अदालत के सामने कई महत्वपूर्ण तथ्य पेश किए। सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष ने विशेष रूप से दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी के कालखंड का उल्लेख करते हुए यह बताने की कोशिश की कि उस समय भोजशाला का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व क्या था। इसके साथ ही ऐतिहासिक दस्तावेजों और संदर्भों के आधार पर यह दावा किया गया कि यह स्थल प्राचीन समय से ही हिंदू आस्था से जुड़ा रहा है।

## भारत के एक और एलपीजी जहाज ग्रीन आशा ने होर्मुज को क्रॉस किया, अब केवल जग विक्रम की वापसी का इंतजार



नई दिल्ली(आरएनएस)। ईरान पर 28 फरवरी को हुए हमले के बाद से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और गैस लेकर आने-जाने वाले कई जहाज फंस गए। कई जहाजों पर ईरान की ओर हमले भी किए गए और होर्मुज को बंद कर दिया गया। इस बीच राजनयिक कोशिशें शुरू हुईं और फिर भारत के झंडे वाले जहाज भी इस खतरनाक रास्ते को क्रॉस कर भारत का रुख करने लगे। इसी कड़ी में भारत के एक और एलपीजी कैरियर ग्रीन आशा ने होर्मुज को पार कर लिया है। अब इस खतरनाक इलाके में केवल एक जहाज जग विक्रम फंसा हुआ है जिसकी वापसी का इंतजा हो रहा है।

डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ शिपिंग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 3 अप्रैल को एलपीजी कैरियर ग्रीन सान्वी के होर्मुज् स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुज़रने के बाद, रविवार को एक और जहाज़ ग्रीन आशा ने होर्मुज स्ट्रेट को पार किया। ग्रीन आशा के निकलने के बाद, इस इलाके में सिर्फ़ एक एलपीजी जहाज़ जग विक्रम बचा है और वह इस खतरनाक रास्ते से सुरक्षित गुज़रने के लिए भारतीय नौसेना से आगे के निर्देशों का इंतज़ार कर रहा है। इससे पहले, दो एलपीजी टैंकर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को क्रॉस करके भारत पहुंच चुके थे।

46,655 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर वापस लौट रहा ग्रीन सान्वी के 7 अप्रैल को गुजरात के भरूच ज़िले में दहेज पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, एलपीजी कैरियर बीडब्ल्यू टीवाईआर अभी मुंबई में है और शहर की बाहरी बंदरगाह सीमा पर शिप-टू-शिप ट्रांसफर ऑपरेशन के ज़रिए अपना माल उतार रहा है। एक और जहाज़, बीडब्ल्यू ईएलएम, को 4 अप्रैल को चेन्नई के एन्नोर की ओर मोड़ दिया गया था। पिछले हफ़्ते, 47,612 मीट्रिक टन एलपीजी ले जा रहा जग वसंत गुजरात के कच्छ में कांडला पहुंचा, जबकि पाइन गैस ने न्यू मैंगलोर में 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी पहुंचाई।

### केरल में बीजेपी कार्यकर्ता के घर पर फेंका गया विस्फोटक, तेज धमाके के साथ फटा, फॉरेंसिक की टीम पहुंची

कन्नूर,(आरएनएस)। केरल में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। नेताओं की बयानबाजी के साथ ही कार्यकर्ताओं के घर पर हमले भी हो रहे हैं। कन्नूर के काथिरूर में भारतीय जनता पार्टी के एक कार्यकर्ता के घर पर विस्फोटक फेंका गया है। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात काथिरूर के पास कोंकाची इलाके में मजीशा पथायाकुन्नु के आवास पर हुई। प्राथमिकी के मुताबिक, रात करीब 8:50 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मजीशा के घर के पास पहुंचे और उनसे अभद्र भाषा में बात की। इसके बाद उन्होंने एक विस्फोटक फेंका, जो तेज धमाके के साथ फट गया। काथिरूर थाने के अधिकारियों ने बताया कि मजीशा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। फॉरेंसिक विशेषज्ञ विस्फोटक की जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह कोई पटाखा था या देसी बम। केरल में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार राज्य में 140 सीटों के लिए मतदान 9 अप्रैल 2026 को एक ही चरण में कराया जाएगा। चुनाव परिणामों की घोषणा 4 मई 2026 को की जाएगी।



# संक्षिप्त समाचार

## रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव 11 से 13 अप्रैल तक

भोपाल (ए.)। कृषक कल्याण वर्ष-2026 में रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक उन्नत कृषि महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन मिलेगा, वहीं पराली को कचरे से कंचन बनाने की तकनीक और तीन दिन तक लगातार चलने वाली प्रशिक्षण-श्रृंखला किसानों की खेती को नए पायदान पर ले जाएगी। फसल प्रबंधन से लेकर बाजार और आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जायेगी। पहले दिन 11 अप्रैल को दोपहर के सत्रों में फसल कटाई के बाद प्रबंधन और कृषि अवसंरचना कोष के उपयोग से उन्नत कृषि, डिजिटल कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान, मधुमक्खी-पालन से कृषि-आय में वृद्धि और कृषि यंत्रीकरण से खेती में उन्नति जैसे विषय शामिल रहेंगे। साथ ही, दलहन फसलों में उत्पादकता वृद्धि और क्षेत्र विस्तार, प्राकृतिक खेती, बागवानी फसलों का विस्तार तथा पराली प्रबंधन पर वेस्ट-टू-वेल्थ के साथ नुक्कड़ नाटक के जरिए किसानों को व्यावहारिक संदेश दिए जाएंगे। दूसरे दिन 12 अप्रैल को सुबह एफपीओ मीट (किसान उत्पादक संगठन सम्मेलन), मृदा स्वास्थ्य के माध्यम से हरित और सुरक्षित कृषि, संरक्षित खेती (पॉलीहाउस-शेडनेट) को जलवायु-अनुकूल कृषि के सतत दृष्टिकोण के रूप में और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर जागरूकता एवं संवाद कार्यशाला तथा नुक्कड़ नाटक के आयोजन होंगे। इसी दिन दोपहर से शाम तक एकीकृत कृषि प्रणाली, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, फूलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती, एकीकृत कीट प्रबंधन और बायो-पेस्टीसाइड का उपयोग, नर्सरी प्रबंधन व गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री उत्पादन, सूक्ष्म सिंचाई और फर्टिगेशन, हाइड्रोपोनिक्स, प्रिसिजन फार्मिंग और वर्टिकल फार्मिंग पर विशेष सत्र होंगे।

## भोपाल में छात्र सुरक्षा पर सख्ती की मांग, एनएसयूआई ने पुलिस कमिश्नर से की उच्च स्तरीय जांच की अपील

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ती हिंसा, अवैध हथियारों की उपलब्धता और नशे के बढ़ते नेटवर्क को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पुलिस कमिश्नर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने छात्र सुरक्षा को गंभीर मुद्दा बताते हुए उच्च स्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।एनएसयूआई नेताओं ने बीती रात सेज यूनिवर्सिटीज और एलएनसीटी कॉलेज के छात्रों के बीच हुई फायरिंग की घटना का हवाला देते हुए कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है, जिसमें दो छात्र घायल हुए। संगठन ने आरोप लगाया कि शहर में ऐसे कई ठिकाने सक्रिय हैं, जहां से छात्रों को आसानी से अवैध हथियार मिल रहे हैं और शिक्षण संस्थानों के आसपास नशे का कारोबार भी तेजी से फैल रहा है।प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बावजूद छात्रों के हाथों में हथियार पहुंचना कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने मांग की कि अवैध हथियार सप्लाई करने वाले नेटवर्क का पर्दाफाश कर उनके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून सहित कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला अध्यक्ष अक्षय तोमर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान शिक्षा के मंदिर हैं, न कि अपराध के अड्डे। उन्होंने संवेदनशील परिसरों में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग और अस्थायी पुलिस चौकियों की स्थापना की मांग की। प्रदेश महासचिव सैयद अल्तमस ने युवाओं को नशे और अपराध से बचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक कॉलेज में छात्र सुरक्षा समिति का गठन किया जाए, जिसमें छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए।

## गैस सिलेंडर शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश, एसडीएम को निरीक्षण करने के निर्देश

भोपाल (ए.)। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में एडीएम सुमित कुमार पांडेय ने गैस सिलेंडर वितरण और रिफिलिंग से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर शिकायतों का गंभीरता से निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही जन आकांक्षा पोर्टल पर लंबित शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर समाधान करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम श्री पांडेय ने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने मिशन कर्मयोगी के iGOT पोर्टल के माध्यम से आयोजित साधना सप्ताह के अंतर्गत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को न्यूनतम पाँच प्रशिक्षण पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि और प्रशासनिक दक्षता को मजबूत किया जा रहा है। एडीएम श्री पांडेय ने समर्थन मूल्य पर विपणन वर्ष 2026-27 के गेहूं उपार्जन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को निर्देश दिए कि जिले में स्थापित 87 उपार्जन केंद्रों पर किसानों को सुगम विक्रय सुविधा उपलब्ध कराई जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से संचालित हो। उन्होंने कहा कि सभी विभाग 8 अप्रैल से पहले केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। 7 अप्रैल से पंजीकृत किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग प्रारंभ होगी।

## बाल विवाह पर सख्ती: अक्षय तृतीया से पहले सभी जिलों में कंट्रोल रूम और उड़न दस्ते बनाने के निर्देश

भोपाल(ए.)। अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाहों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती जी वी रश्मि ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को शून्य करने और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण नेशनल फ़ैमिली हेल्थ सर्वे(NFHS-5) के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है, लेकिन कुछ जिलों में अभी भी यह समस्या बनी हुई है। अक्षय तृतीया इस वर्ष 20 अप्रैल 2026 को है और इस दिन प्रदेश में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह आयोजित होते हैं। ऐसे आयोजनों में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशानुसार स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। 20 अप्रैल को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पंच, सरपंच, सचिव और पार्षद बाल विवाह नहीं होने देने की शपथ लेंगे तथा पंचायत और वार्ड कार्यालयों में इसका प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक करें उपयोग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सुगम संपर्कता परियोजना में मजरों-टोलों और सांदीपनि स्कूलों तक बनेंगी सड़कें

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए ड्रोन का उपयोग हो। सिपरी साफ्टवेयर न सिर्फ डीपीआर तैयार करने की दृष्टि से उपयोगी है बल्कि सड़क के साथ पुल-पुलियों की आवश्यकता दर्शाने में भी इसका उपयोग हो रहा है। सड़क निर्माण कार्यों को पूर्ण करने में वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग शुरू करना सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समत्व भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सुगम संपर्कता परियोजना संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि गत माह शुरू किए गए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की विभागीय स्तर पर प्रति सप्ताह समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बगिया मां के नाम अंतर्गत की गई गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में आमजन की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि परियोजना में प्रदेश में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा तथा 100 से अधिक आबादी वाले मजरों-टोलों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज



मंडलोई, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती दीपाली रस्तोगी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परियोजना की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि परियोजना में सड़कों का निर्माण मनरेगा अर्थात वीबी-जी-राम-जी योजना में से करवाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की प्रत्येक जनपद पंचायत तीन करोड़ तक की स्वीकृति प्रदान कर सकेगी। सुगम संपर्कता परियोजना के माध्यम से गांवों, ग्राम पंचायतों को दोहरी संपर्कता प्रदान की जाएगी।

**पूर्व से निर्मित सड़कों की जियो इंवेंट्री**

सुगम संपर्कता परियोजना की विशेषता यह है कि इसमें पूर्व में बनी सड़कों की रिम्स पोर्टल के माध्यम से जियो-इंवेंट्री की जा रही है। इससे नई सड़कों के चयन में दोहराव की स्थिति नहीं बनेगी। जियो इंवेंट्री में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, पीएमजीएसवाय, मुख्य जिला सड़क और संपर्कता ऐप से चयनित सड़कें शामिल हैं।

**जियो- इंवेंट्री का आधा कार्य पूर्ण**

निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 33 हजार 655 सड़कों में से 17 हजार 437 सड़कों की जियो इंवेंट्री का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही 9 जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। रतलाम, जबलपुर, आगर-मालवा, मंदसौर और पन्ना जिले इस कार्य में अग्रणी हैं।

**सिपरी सॉफ्टवेयर का उपयोग स्थल चयन में**

सुगम संपर्कता परियोजना के तहत 2 गांवों, ग्राम पंचायतों, मजरों-टोलों और विद्यार्थियों के हित में सांदीपनि विद्यालयों तक बनने वाली सड़कों के लिए स्थान का चयन सिपरी सॉफ्टवेयर से किया जा रहा है। सड़कों की डीपीआर तैयार करने के लिए भी इस सॉफ्टवेयर और रिम्स पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। नई प्रस्तावित सड़कों का सर्वे में भी तकनीक उपयोग में लाई जा रही है। सर्वे की गई सड़कों में कार्य स्थल के हिसाब से सड़क निर्माण का प्राक्कलन सॉफ्टवेयर के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा सड़क निर्माण में किस जगह पर पुल-पुलिया एवं कल्वर्ट की आवश्यकता है।

## पुरानी रजिंश को लेकर पति को घेरकर मारा, बचाने आई पत्नि से भी की मारपीट

*-फरार तीनो आरोपियो की धरपकड़ के लिये पुलिस दे रही दबिश*




भोपाल/विदिशा(ए.)। विदिशा जिले के थाना बासौदा देहात में चार दिन पहले पुरानी रजिंश को लेकर दंपत्ति से मारपीट कर घायल करने वाले फरार तीनो आरोपियो की पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार फरियादी शैतान सिंह मीना पिता जूझन सिंह मीना (32) निवासी ग्राम बांकागढ़ ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया की वह भोपाल में मेहनत-मजदूरी का काम करता है। फसल कटवाने के लिये बीते दिनो वह अपने गॉव आया हुआ था। 2 अप्रैल की सुबह उसकी पत्नि रीना घर के बाहर बच्चे को खिला रही थी। उसी समय पुरानी रंजिश के चलते गांव में ही रहने वाले भूरा मैना और राकेश मैना उसके घर के बाहर आये औ उसकी पत्नि को गंदी-गंदी गालिया देने लगे।

# भोपाल मंडल के 47 आरक्षण केंद्र बने नेक्स्ट जेनरेशन पीआरएस काउंटर

**नई प्रणाली से टिकट बुकिंग होगी तेज़, पारदर्शिता बढ़ेगी और यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा**

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के नेतृत्व में पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में आरक्षण प्रणाली के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंडल में 47 पीआरएस काउंटरों को नई पीढ़ी की नेक्स्ट जेन पीआरएस (Ne&t Gen PRS) प्रणाली में सफलतापूर्वक परिवर्तित कर दिया गया है। भोपाल मंडल में कुल 47 पीआरएस काउंटर -जिनमें नॉन रेल हेड पीआरएस, यूटीएस सह पीआरएस काउंटर तथा 6 चार्टिंग काउंटर शामिल है। मंडल के 21 विभिन्न स्थानों पर स्थित 47



आरक्षण केंद्रों में नेक्स्ट जेन पीआरएस प्रणाली में शत-प्रतिशत रूप से अपग्रेड किया जा चुका है। इस आधुनिक प्रणाली के लागू होने से टिकट बुकिंग प्रक्रिया अधिक तेज़, पारदर्शी एवं यात्री-अनुकूल बन गई है।

**नेक्स्ट जेन पीआरएस के प्रमुख लाभ**

**अत्यधिक तेज़ बुकिंग**

नई प्रणाली प्रति मिनट लगभग 1.5 लाख से अधिक टिकट बुक करने में सक्षम है, जो वर्तमान प्रणाली की तुलना में लगभग पाँच गुना तेज है।

**तेज़ पूछताछ सुविधा**

टिकट संबंधी पूछताछ क्षमता में लगभग 10 गुना वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों को तुरंत जानकारी उपलब्ध होगी।

**आधार आधारित तत्काल बुकिंग**

जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण लागू किया गया है, जिससे फर्जी आईडी और दलालों पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।

**बेहतर यूजर इंटरफेस**

नई प्रणाली बहुभाषी इंटरफेस से युक्त है तथा इसमें सीट चयन (Seat Selection) और किराया कैलेंडर जैसी सुविधाएँ

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया गीता भारती का विमोचन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समत्व भवन में पंडित मुस्तफा आरिफ उज्जैन की पुस्तक गीता भारती का विमोचन किया। इस पुस्तक में भगवद गीता के श्लोक हिन्दी मुक्तक के रूप में लिखकर संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लेखक को इस काव्य सृजन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पंडित मुस्तफा आरिफ ने इस पुस्तक की रचना के बारे में बताया कि जहां धर्म है, वहां कर्म सर्वोपरि है। इसी कारण सभी धर्म- प्रधान हैं। कुरान शरीफ की 6666 आयतों पर 10 हजार हिंदी पद रचने के बाद परमात्मा-प्रदत्त सदबुद्धि ने उन्हें कर्म- आधारित धर्म ग्रंथों की ओर मोड़ा है। श्रीमद भगवद्गीता के कर्म-दर्शन ने उन्हें गहराई से प्रेरित किया।

## ई-स्कूटर अनुदान योजना से दमोह की सायरा बी बनीं आत्मनिर्भर



भोपाल (ए.)। श्रम विभाग द्वारा संचालित ई-स्कूटर अनुदान योजना 2024 श्रमिकों के जीवन में परिवर्तन का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभर रही है। दमोह में गत दिनों महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमिक महिला सायरा बी को ई-स्कूटर की चाबी प्रदान की। अब उनका जीवन रोज के कामकाज के लिये किसी सहारे का मोहताज नहीं रहा। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, भोपाल द्वारा संचालित इस योजना में सायरा बी को 40 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस सहयोग से अब उनके लिए आवागमन आसान हो गया है, जिससे उनके जीवन स्तर में भी सकारात्मक सुधार आया है। ई-स्कूटर अनुदान योजना विशेष रूप से श्रमिक परिवारों, खासकर महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इससे न केवल उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयाँ कम हो रही हैं, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी मजबूत पहचान भी स्थापित कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की योजनाएं महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देती हैं और ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करती हैं।

## डीजीपी कैलाश मकवाणा के निर्देश पर प्रदेशभर में नशे के विरुद्धप्रभावी कार्रवाई

*विगत पांच दिनों में 1करोड़ 22लाख रूपएसे अधिक के मादक पदार्थ जब्त*

भोपाल(ए.)। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा 01 अप्रैल से प्रदेशभर में विशेष अभियान संचालित कर मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बीते पांच दिनों में विभिन्न जिलों की पुलिस द्वारा समन्वित कार्रवाई करते हुए लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जप्त किए गए हैं।

**रतलाम में SAFEMA के तहत 16 करोड़ से अधिक की संपत्ति फ्रीज**

जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई को आर्थिक स्तर तक प्रभावी बनाते हुए पुलिस द्वारा बड़ी वैधानिक कार्यवाही की गई है। थाना कालूखेड़ा क्षेत्र में अवैध ड्रग्स फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों की पहचान कर उनके द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों का विस्तृत विश्लेषण किया गया। इसके पश्चात एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर करने वाले (संपत्ति की ज़ब्ती) अधिनियम, (The Smugglers and Foreign E&change Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 ) SAFEMAके तहत लगभग 16 करोड़

# बड़ा तालाब किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोज़र, 347 कब्जे चिन्हित, 15 दिन में हटेंगे सभी निर्माण

भोपाल,(ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल शहर के सबसे महत्वपूर्ण जलस्रोत बड़ा तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन ने सोमवार सुबह सख्त कार्रवाई शुरू कर दी। भदभदा क्षेत्र में जेसीबी मशीनों के साथ पहुंची टीम ने पहले ही दिन 9 दुकानों को हटाकर अभियान की शुरुआत की। प्रशासन ने तालाब के आसपास कुल 347 अतिक्रमण चिन्हित किए हैं, जिन्हें अगले 15 दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य तय किया गया है।

वेटलैंड नियमों के तहत कार्रवाई

प्रशासन ने साफ किया है कि 16 मार्च 2022 से लागू भोज वेटलैंड नियमों के बाद हुए सभी निर्माण अवैध माने जाएंगे और उन्हें हटाया जाएगा। इसके साथ ही फुल टैंक लेवल से 50 मीटर के दायरे में किए गए अतिक्रमण पर भी सख्त कार्रवाई जारी है।पिछले दो महीनों से



प्रशासन द्वारा अतिक्रमणों का सर्वे और चिन्हांकन किया जा रहा था।

टीटी नगर एसडीएम सर्कल के गौरा गांव और बिसनखेड़ी में सबसे ज्यादा कब्जे पाए गए, जबकि बैरागढ़ और बहेटा क्षेत्र भी अतिक्रमण से प्रभावित हैं। एसडीएम अर्चना शर्मा द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद कई लोगों ने खुद ही अपने निर्माण हटाने शुरू कर दिए। भदभदा क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके चलते स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।

तारीखवार अभियान का शेड्यूल

10 अप्रैल: हलालपुरा - चिन्हित कब्जों पर कार्रवाई
11 अप्रैल: बैरागढ़ - काशियाना बंगले के पीछे
12-13 अप्रैल: सेवनिया गोंड - सरकारी व निजी जमीन
15-16 अप्रैल: बैरागढ़ - मकान व मैरिज गार्डन
17 अप्रैल: हुजूर तहसील - सरकारी भूमि
18-19 अप्रैल: टीटी नगर - शेष कब्जे
20 अप्रैल: बैरागढ़ - शेष अतिक्रमण
21 अप्रैल: हुजूर तहसील - अंतिम कार्रवाई

वन विहार क्षेत्र में भी सवाल

सीमांकन के दौरान वन विहार नेशनल पार्क क्षेत्र में करीब 2.5 किमी में 100 से अधिक पिलर लगाए जाने की जानकारी सामने आई है।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट-5 ने रचा इतिहास

### 550 दिन बिना रुके बिजली उत्पादन

भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने देश के विद्युत क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए बिना रूके 550 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह यूनिट 1 अक्टूबर से निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 की यह उपलब्धि इसे देश के सार्वजनिक क्षेत्र में तीसरी और स्टेट सेक्टर में पहली यूनिट है, जिसने इतनी लंबी अवधि तक सतत उत्पादन किया है।



**98.74% पीएएफ किया दर्ज**

तकनीकी दृष्टि से भी यूनिट नंबर 5 ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनिट ने 98.74 प्रतिशत प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (PAF), 95.48 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर (PLF) व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्प्शन जैसे उच्च मानक हासिल किए। ये प्रभावशाली आंकड़े स्पष्ट रूप से उस उच्च स्तर की दक्षता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जिसे प्लांट टीम द्वारा निरंतर बनाए रखा गया है।

**पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 की यह उपलब्धि गहन योजना, मज़बूत रखरखाव प्रक्रियाओं, बारीकी से की गई परिचालन निगरानी और पूरी परिचालन और रखरखाव टीम के अटूट समर्पण का परिणाम है। इतनी लंबी अवधि तक बिना किसी बड़ी रुकावट के निर्बाध परिचालन बनाए रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है।

## अब मौके पर ही टीटीई पहचान लेंगे असली ट्रेन टिकट है या नकली

**- पूरे देश में लागू होगी नई प्रणाली, 7-लेयर वेरिफिकेशन लागू**


भोपाल (ए.)। रेलवे ने फर्जी टिकटों पर लगाम कसने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के टिकट असली हैं या नकली, इसकी पहचान टिकट परीक्षक (टीटीई) मौके पर ही कर सकेंगे। इसके लिए सात स्तरीय सत्यापन (7-लेयर वेरिफिकेशन) प्रणाली लागू की जा रही है। दरअसल, 21 मार्च 2026 को अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक ही सीरियल नंबर वाले दो टिकट मिलने से हडकंप मच गया था। जांच में सामने आया कि प्रयागराज जंक्शन पर स्वचालित टिकट बिक्री मशीन से जुड़े कुछ कर्मी असली टिकट की फोटो कॉपी बनाकर बेच रहे थे। मामले में विनय और गौरव को गिरफ्तार किया गया, जबकि अन्य की जांच जारी है। घटना के बाद रेलवे ने टिकट सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत करने का फैसला लिया है। अब टीटीई और बुकिंग स्टाफ को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी शुरुआत प्रयागराज मंडल से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो चुकी है, जहां प्रमुख स्टेशनों पर इसे लागू भी कर दिया गया है।

## स्वस्थ जीवन का आधार है इन्द्रियों पर नियंत्रण : राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल (ए.)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि नेचुरोपैथी स्वस्थ जीवन की मार्गदर्शिका है। उन्होंने कहा कि मन चंचल होता है, उसे नियंत्रित करना ही स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वस्थ जीवन के लिए इन्द्रियों पर नियंत्रण जरूरी है। प्रकृति ने शरीर को बनाने और बिगाड़ने की समान शक्ति मानव को दी है। राज्यपाल श्री पटेल सोमवार को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के ज्ञान-विज्ञान सभागार में आरोग्य भारती की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आयुर्वेद प्रकृति द्वारा प्रदान की गई औषधियों का विज्ञान है, जिसका प्रभाव भले ही धीरे-धीरे होता है, लेकिन उसका कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। उन्होंने कहा वातावरण का हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है। हमारे पूर्वज इसीलिए ऋतु अनुसार भोजन बदलते रहते थे। उन्होंने गुजरात के डांग क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि अंचल में बहुत हरियाली है, वहाँ पर ट्रायबल आबादी रहती है, लेकिन इस क्षेत्र के ट्रायबल्स में सामान्यत: मिलने वाला अनुवांशिक रोग सिकल सेल रोग बहुत कम मिलता है।

# असमय बारिश-ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान, नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश में हाल ही में हुई असमय वर्षा, आंधी और ओलावृष्टि से किसानों को हुए भारी नुकसान को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर त्वरित राहत और कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने बताया कि भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, बड़वानी, बैतूल और रायसेन सहित कई जिलों में गेहूं, सरसों और चना की खड़ी और कटी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर फसल कटाई के बाद खेतों और खलिहानों में



रखी उपज भी बारिश और ओलावृष्टि की चपेट में आ गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सिंघार ने यह भी मुद्दा उठाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं खरीदी समय पर शुरू नहीं होने के कारण किसानों की उपज लंबे समय तक खुले में पड़ी रही, जिससे नुकसान और बढ़ गया।

**नेता प्रतिपक्ष ने राज्य शासन से मांग की है कि—**

- प्रभावित जिलों में राजस्व एवं कृषि विभाग के माध्यम से शीघ्र, पारदर्शी एवं समयबद्ध सर्वेक्षण कर वास्तविक क्षति का आकलन कराया जाए।

- आकलित क्षति के अनुरूप किसानों को यथोचित आर्थिक सहायता/मुआवजा शीघ्र प्रदान किया जाए।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सोशल मीडिया की लत

युवा या किसी उम्र वर्ग के व्यक्ति को सोशल मीडिया की लत क्यों लगती है? कुछ अध्ययनों के मुताबिक युवा अपने खालीपन की भरपाई सोशल मीडिया से करते हैं, जहां अल्पकालिक उत्तेजना और निरर्थक सूचना देने वाले स्रोतों की भी भरमार है। भारत सहित तमाम देशों में सोशल मीडिया युवाओं के बीच खुशी घटा रहा है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट- 2026 के अनुसार कुल मिलाकर युवाओं की खुशी पर सोशल मीडिया का असर नकारात्मक है। बहरहाल, उभरे रुझानों के लिए महज सोशल मीडिया को दोष देना शायद ठीक ना हो। खुद इसी रिपोर्ट के मुताबिक जो युवा सोशल मीडिया का रोजाना एक घंटे से कम इस्तेमाल करते हैं, वे इससे खुशी और संतुष्टि प्राप्त करते हैं। संभवत: इसलिए कि इस दौरान वे अपने दोस्त-रिश्तेदारों से संपर्क करते हैं और अपने लिए जरूरी सूचनाएं या मनोरंजन हासिल कर लेते हैं। उसके बाद वास्तविक समाज या इनसानी दायरे से जुड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त समय रहता है, जहां उन्हें बेहतर अहसास हासिल होता है।तो प्रश्न है कि आखिर युवा या किसी उम्र वर्ग के व्यक्ति को सोशल मीडिया की लत क्यों लगती है? क्या यह परिवार में बढ़ते एकाकीपन एवं समाज में घटती सामूहिकता का परिणाम है? कुछ अध्ययनों के मुताबिक उपरोक्त कारणों से युवा खालीपन का शिकार होते हैं, जिसकी भरपाई वे सोशल मीडिया से करते हैं, जहां अल्पकालिक उत्तेजना, क्षणिक मनोरंजन, और निरर्थक सूचना देने वाले स्रोतों की भी भरमार है। हैप्पीनेस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि युवाओं के सोशल मीडिया उपयोग पर नियंत्रण की दिशा में नीति-निर्माताओं को कदम उठाने चाहिए। दरअसल, हाल में कई देशों और भारत के कुछ राज्यों में ऐसे कदम उठाए भी गए हैं।

मगर उनकी सफलता संदिग्ध है, क्योंकि बच्चों और युवाओं के सामने समय के बेहतर और आनंददायक उपयोग का विकल्प दिए बिना जबरन सोशल मीडिया से उन्हें अलग करना अलग तरह की मुश्किलों को जन्म दे सकता है। वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट विभिन्न देशों के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, सामाजिक सहायता प्रणालियों की उपलब्धता, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा, जीवन संबंधी फैसले लेने की स्वतंत्रता की स्थिति, समाज में उदारता अथवा दानशीलता की भावना, और भ्रष्टाचार के संबंध में जन-धारणा की कसौटियों पर तैयारी की जाती है। अगर इन बिंदुओं पर समाज में अपेक्षित प्रगति हो, तो संभव है कि फिर सोशल मीडिया की लत की समस्या से भी समाज बचा रह सकेगा।

# सस्ती तकनीक और हर नागरिक तक पहुंचः एआई में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**सुशील पाल**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।

लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ये सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है।

भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा




डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके।

इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा।

भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रुपये प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100 प्रतिशत) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं।

भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16-20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा।

इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के।

आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

(लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं )

## लोकसभा में 816 सीट होंगी चुनाव आयोग का परिसीमन का फैसला

**अजय दीक्षित**

2011 की जनगणना के आधार लोकसभा, राज्यसभा, राज्यों की विधानसभा की सीट का होगा परिसीमन केंद्रीय चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है और संसद से बिल पारित करने का अनुरोध किया है।इस आशय की प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया है। केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय बिल तैयार करने में लगा है। संभवत: केंद्र सरकार 29 अप्रैल के 05 राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद परिसीमन आयोग और महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद के समक्ष प्रस्तुत करे । परिसीमन आयोग की सिफ़रशे मिलने के बाद संभवत: लोकसभा में 816 और उसके अनुसार ही राज्यसभा और राज्य विधानसभा सीटों में परिवर्तन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार 2027 के जनगणना के आधार पर पूर्व में परिसीमन कर ना चाहती थी लेकिन आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु,केरल, कर्नाटक पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री की अपत्ति के बाद 2011 की जनगणना को आधार मानकर परिसीमन का निर्णय लिया है ।उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान,दिल्ली,बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र,पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश,असम, झारखंड,में अच्छी खासी सीट की बढ़ोत्तरी हो सकती है। क्योंकि इन राज्यों जनसंख्या की बढ़ने की गति अधिक है। कुल लोकसभा में 271 सीट बढ़ रही हैं ।इसी आधार पर राज्यों की विधानसभा सीटों बढ़ेगी

## (चिंतन-मनन) विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन्! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।

सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

# भारतीय शासन व्यवस्था की पटकथा फिर से लिख रहा है मिशन कर्मयोगी

डॉ जितेंद्र सिंह

कल्पना करें कि राजस्थान के दूरदराज के किसी कोने में जिला कलेक्टर को एक ऐसी महत्वाकांक्षी कल्याण योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाती है जिसके बारे में उसकी जानकारी बहुत कम है। एक दशक पहले उसे जानकारी के लिए कहीं धूल खा रही किसी नियमावली का सहारा लेना होता। या फिर वह अपने किसी वरिष्ठ सहयोगी की तीन बैठकों और लंच के बाद खाली होने का इंतजार करता। उसकी उम्मीद उस प्रशिक्षण कार्यक्रम पर भी टिकी हो सकती थी जो शायद एक या दो साल में कभी आता। लेकिन आज वह अपने फोन के जरिए आईगॉट (इंटिग्रेटेड गर्वनमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग प्लेटफॉर्म) पर लॉग ऑन करता है। उसे मिनटों में ही अपनी जरूरत के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्यकुशलता आधारित पाठ्यक्रम मिल जाता है। वह शाम तक सूचनाओं और आत्मविश्वास से लैस होकर योजना के लाभार्थियों की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहा होता है। यह बदलाव देखने में छोटा लग सकता है मगर हकीकत में किसी क्रांति से कम नहीं है।

चमक-दमक से दूर धैर्य के साथ पांच साल पहले शुरू किया गया मिशन कर्मयोगी एक क्रांति ला रहा है। यह नए भारत के लिए एक नई तरह के प्रशासनिक अधिकारी तैयार करने के उद्देश्य से चुपचाप काम कर रहा है।

इसके महत्व को समझने के लिए हमें पहले संदर्भ को जानना होगा। 2047 तक विकसित भारत के प्रधानमंत्री के निर्धारित लक्ष्य तक यूं ही नहीं पहुंचा जा सकता। इस मंजिल तक पहुंचने के लिए हमें भारत गणतंत्र को चलाने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों के जरिए सावधानी से एक-एक कदम आगे बढ़ना होगा। इस यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी, प्रौद्योगिकी या नीति नहीं है। सबसे ज्यादा अहमियत उन लगभग 3.5 करोड़ प्रशिक्षित, उत्साही और नागरिक केंद्रित सरकारी कर्मियों की क्षमता की है जो हर सुबह उठ कर भारतीय शासन को संचालित करते हैं।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ज्यादातर समय क्षमता निर्माण का मॉडल सांयोगिक रहा है। किसी नौजवान अधिकारी को सेवा की शुरुआत के समय औपचारिक प्रशिक्षण दिया जाता था। फिर करियर के बीच में यदा-कदा उसे कुछ पाठ्यक्रमों में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता था। बाकी, उसे काम करते हुए और दूसरों को देख कर ही सीखना होता था। एक स्थिर और धीमी गति से आगे बढ़ते विश्व में यह काफी था। लेकिन कृत्रिम मेधा, जलवायु अवरोध, जनसांख्यिकीय दबाव और जबर्दस्त प्रौद्योगिकीय परिवर्तन के युग में यह सरासर नाकाफी है। प्रशासन के सामने चुनौतियां जिस रफ्तार से आती हैं उसके सामने प्रशिक्षण की पुरानी प्रणालियों की गति कहीं नहीं टिकती। मिशन कर्मयोगी को इसी बेमेल स्थिति के समाधान के रूप में की गई थी। 2021 में शुरू किया गया यह मिशन—जिसे उसी वर्ष अप्रैल में स्थापित क्षमता निर्माण आयोग द्वारा संस्थागत रूप से संचालित किया गया, एक सचमुच महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आगे बढ़ा। भारतीय सिविल सेवाओं की सीखने की संस्कृति को, समय-समय पर होने वाली और केवल नियमों के पालन तक सीमित प्रक्रिया से बदलकर, एक निरंतर चलने वाली, भूमिका-आधारित और स्वयं-निर्देशित विकास यात्रा में रूपांतरित करना इसका मकसद है। जैसा कि आयोग इसका वर्णन करता है, यह बदलाव कर्मचारी—यानी नियमों का पालन करने वाले एक पदाधिकारी से कर्मयोगी बनने की ओर है- एक ऐसा लोक सेवक जो किसी उद्देश्य, सेवा-भाव और उत्कृष्टता से प्रेरित हो।

पाँच वर्षों के बाद, ये आंकड़े अत्यंत शिक्षाप्रद हैं। 'आईगॉट' (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म पर अब 1.5 करोड़ से अधिक सरकारी अधिकारी सक्रिय शिक्षार्थी के रूप में जुड़े हैं — यह एक ऐसी संख्या है जो शुरुआत के समय काल्पनिक लगती थी। 4,600 से अधिक योग्यता-आधारित पाठ्यक्रमों के माध्यम से, इन अधिकारियों ने 8.3 करोड़ से अधिक पाठ्यक्रम पूरे किए हैं। अकेले पिछले राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह के दौरान, भागीदारी के परिणामस्वरूप 4.5 मिलियन घंटे के पाठ्यक्रम नामांकन और 3.8 मिलियन घंटे की वास्तविक शिक्षा दर्ज की गई। ये केवल अमूर्त आंकड़े नहीं हैं। दर्ज किया गया प्रत्येक घंटा भारत में कहीं न कहीं एक लोक सेवक का प्रतिनिधित्व करता है — छत्तीसगढ़ में एक राजस्व निरीक्षक, पुणे में एक शहरी स्थानीय निकाय अधिकारी, मणिपुर में एक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ये सब अपने साथी नागरिकों की बेहतर सेवा करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ा रहें हैं।




मेष राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आप जिस भी काम को करना चाहेंगे, वो काम बड़े आराम से पूरा हो सकता है। आपको बस थोड़ा संयम रखने की जरूरत है। आज आपको अपनी मान-प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए समाज के कार्यों में सहयोग देना चाहिए। असहज शाम किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाएंगे। आप किसी काम के लिए महत्वपूर्ण कार्य योजना बनाएंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। आज बहुत जरूरी काम बड़े बेटे की मदद से पूरा हो जाएगा। माता-पिता के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जाने प्रोग्राम बनाएंगे। किसी करीबी रिश्तेदार के यहां से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। आज कोर्ट-कचहरी के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मिथुन राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपका बहुत महत्वपूर्ण कार्य बिगड़ते-बिगड़ते बन जाएगा। कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। आज कार्य करने से पहले अपने से बड़े अनुभवी लोगों की राय जरूर लेनी चाहिए , इससे आने वाले समय में आपको अधिक लाभ होगा। किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा को बदल सकती है, लेकिन आपको जिंदगी का फैसला बहुत ही सोच-समझकर लेना चाहिए।

कर्क राशि : आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी काम में भागदौड़ थोड़ी अधिक हो सकती है। बच्चों के स्कूल-कॉलेज से जुड़े कुछ कागज बनवाने पड़ सकते हैं। आज आपको अपने बिजनेस विस्तार के लिए किसी से आर्थिक मदद लेनी पद सकती है। परिवार के किसी सदस्य से आपकी थोड़ी बहुत अनबन होने की संभावना है।

सिंह राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। रोजमर्रा के पेंडिंग पड़े कार्य से निपटा लेने के बाद आप रिलेक्स महसूस करेंगे। आपको किसी महत्वपूर्ण मामले में बहुत बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। आप अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिता सकते हैं।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपके सारे काम मन-मुताबिक पूरे जाएंगे। बीजी शेड्यूल होने के बावजूद भी आप बच्चों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जाएगा। घर पर अचानक से मित्र आ सकता है। आप उसके साथ घर पर लंच का आनंद ले सकते हैं। आप किसी टूर पर जाने का प्लान भी बना सकते हैं। आज ऑफिस में काम को जल्द से जल्द निपटाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। आपका सामाजिक दायरा काफी हद तक बढ़ जाएगा। आसपास के लोगों से आपको मदद मिल सकती है। आपको व्यवसाय के क्षेत्र में भी लाभ मिलने की पूरी उम्मीद है। असंभव से लगने वाले कार्यों में भी आपको पूर्ण रूप से सफलता मिलेगी।

धनु राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों द्वारा शुभ समाचार मिलने से घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। साथ ही पिछले कुछ समय से चल रही किसी दुविधा का भी समाधान मिल सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपके आत्मविश्वास के सामने चुनौती टिक नहीं पायेगी। आपको किसी सेमिनार में बतौर अतिथि बुलाया जा सकता है। जहां लोग आपके व्यवहार से काफी प्रभावित होंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के काम में आपके सामने कई चुनौतियां आ सकती हैं। आप अपने काम में किसी मित्र का सहयोग ले सकते हैं। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग आपको फायदा दिला सकता है।

कुंभ राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपको बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे परिवार में सबके चेहरे खिल उठेंगे। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से कुछ खास मुद्दों पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को सीक्रेट रखें। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। माता-पिता अपने बच्चों के साथ कहीं आस-पास पिकनिक स्पॉट पर जा सकते हैं। ऑफिस में माहौल थोड़ा गंभीर रह सकता है। आपको अपने बॉस की बातों को ध्यान से सुनने के बाद ही अपनी राय देनी चाहिए। आज आपको थोड़ा आलस्य भी महसूस होगा।

# (विचार-मंथन) डोनाल्ड ट्रंप ने खोया मानसिक संतुलन, गाली गलौज पर उतरे

**सनत जैन**

***अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, उसके बाद से ही उनकी कथनी और करनी को लेकर सारी दुनिया में उनकी एक नई छवि बनी है। पिछले 1 साल में उन्हें एक अहंकारी नेता के रूप में देखा जा रहा था। पिछले एक साल में जिस तरह से उन्होंने टैरिफ को लेकर आतंक मचाया था। उस समय उनकी पहचान एक गैंगस्टर के रूप में बनी थी। अमेरिकी मुद्रा डॉलर में वैश्विक व्यापार सारी दुनिया में होता है। उसके बल पर वह जो दादागिरी कर रहे थे, उसी समय से उनका विरोध होना शुरू हो गया था।***



उन्होंने वैश्विक व्यापार संधि का उल्लंघन करते हुए अपने मनमाने नियम और कानूनों के बल पर वसूली करने की जो प्रक्रिया शुरू की थी, उसी समय एक गैंगस्टर की तरह उनकी पहचान बनी। जिस तरह से उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण कर अमेरिका लाया। वेनेजुएला की सत्ता में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका ने खुलेआम कब्जा किया। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया। उसके बाद उनकी हिम्मत बढ़ी, उन्होंने ईरान मे अयातुल्लाह खामेनेई की सत्ता के खिलाफ ईरान की जनता को भड़काया, वहां पर आंदोलन कराए, खामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिश ट्रम्प ने की। जब यह प्रयास सफल नहीं हो पाया, उसके बाद अमेरिका और इजरायल ने बातचीत में उलझा कर ईरान के ऊपर हमला कर दिया। ईरान की सत्ता के सुप्रीमो अयातुल्लाह खामेनेई सहित दर्जनो नेताओं और रक्षा अधिकारियों की हत्या कर दी गई। ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने सोचा था, जनता विद्रोह करेगी और वह ईरान के पूर्व राज परिवार के निष्कासित सदस्य को ईरान की सत्ता सौंप देंगे। ट्रंप का यह प्रयास सफल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका की इस कार्यवाही का भरपूर जवाब दिया। पिछले 35 दिनों में ईरान ने बता दिया है, वह युद्ध का मुकाबला और अपनी रक्षा करने में सक्षम है। पिछले 35 दिनों में जिस तरह से ईरान ने अमेरिका और इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करते हुए, जिस तरह का नुकसान पहुंचाया है, उसकी कल्पना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने नहीं की थी। इतनी करारी चुनौती अमेरिका को ढाई सौ साल के इतिहास में कभी नहीं मिली, जो ईरान से मिल रही है। ईरान ने एक ही झटके में पिछले 47 सालों से अमेरिका द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाकर जो दादागिरी की जा रही थी। ईरान ने एक ही बार में जवाब देकर अमेरिका के अहंकार को तोड़ते हुए, जिस तरह से भयमुक्त लड़ाई लड़ी जा रही है। उससे लगता है, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, वह क्या करें। इस युद्ध में रोजाना अमेरिका को आरबों रूपयों की राशि खर्च करनी पड़ रही है। अमेरिका की संसद उनसे पूछ रही है, यह युद्ध हम ईरान से क्यों लड़ रहे हैं। युद्ध लड़ने के लिए ट्रम्प बहुत बड़ी राशि संसद से मांग रहे हैं।

ट्रम्प ने युद्ध करने के पहले संसद को विश्वास में नहीं लिया। वर्तमान स्थिति में अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ विरोध बढ़ता ही जा रहा है। खाड़ी देशों की सुरक्षा अमेरिका नहीं कर पा रहा है। अमेरिका की सारे सैन्य अड्डे ईरान द्वारा बर्बाद कर दिए गए। इसी तरह से इजरायल पर ईरान के हमलों से भारी नुकसान हुआ है। इजरायल में, नेतान्याहू के खिलाफ जनता का विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसी हालत में ट्रंप का यह कहना, ईरान बास्टर्ड है। ईरान को नर्क बना देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने जो पोस्ट की है, उसके शब्द इतने खराब हैं। उसको सह पाना आम आदमी के लिए संभव नहीं है। ट्रम्प ने ईरान के बारे में जिस तरह से पोस्ट में शब्दों का चयन किया है, इसकी दुनिया के देशों में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। यह कहा जाने लगा है कि ट्रम्प अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कारण जो रही-सही साख अमेरिका की है, वह कितने दिनों तक बनी रहेगी कहना मुश्किल है। दुनिया के अधिकांश देश मानने लगे हैं, ट्रंप की सनक और अहंकार के कारण सारी दुनिया के देशों में ऊर्जा संकट खड़ा हो गया है। खाद का संकट खड़ा हो रहा है। सारी दुनिया में आर्थिक मंदी की स्थिति देखने को मिलने लगी है। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह की हरकत कर रहे हैं, उससे डोनाल्ड ट्रंप के साथ-साथ अमेरिका की साख को भी भारी नुकसान होता हुआ दिख रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की यही नीति कुछ और दिन चलेगी, तो अमेरिका अपना वर्चस्व सारी दुनिया में खो देगा। ऐसा लगने लगा है जो हाल सोवियत रूस का पूर्व राष्ट्रपति गोर्बाच्योव के समय हुआ था। अब वही स्थिति अमेरिका की होती हुई दिख रही है। अमेरिका के राज्यों और आमजनता में जो नाराजगी देखने को मिल रही है। उससे लगता है ट्रम्प ज्यादा दिन तक राष्ट्रपति के पद पर नहीं रह पायेंगे।



# दिल्ली में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि भारत का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता : राहुल गांधी



नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पलक्कड़ में एक रैली के दौरान केरल विधानसभा चुनाव से पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजनीतिक गठबंधन का आरोप लगाया। समर्थकों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि भारत का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता, उसका नाम मोदी है, और केरल में एक ऐसा व्यक्ति है जो सोचता है कि केरल का नेतृत्व उसके सिवा कोई नहीं कर सकता। इन लोगों का अहंकार देखिए कि वे सोचते हैं कि केरल और देश का नेतृत्व केवल वही कर सकते हैं। दोनों साझेदार हैं। वे एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और हर भाषण में भगवान, हिंदू धर्म और धर्म की बात करते हैं। लेकिन केरल में वे सबरीमाला और वहां से चोरी हुए सोने की बात नहीं करते। गांधी ने आगे दावा किया कि वे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल के मुख्य निशाने पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं भाजपा के खिलाफ लड़ता हूं। मैंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर पैदल यात्रा की। प्रवर्तन निदेशालय ने मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की। मैं जमानत पर बाहर हूं। मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। मैं प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और भाजपा के मीडिया सेल का मुख्य निशाना हूं। उन्होंने सवाल उठाया कि पिनारयी विजयन और उनके परिवार की जांच क्यों नहीं की गई। गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा केरल के मुख्यमंत्री पर हमला क्यों नहीं करती? उनसे और उनके परिवार से पूछताछ क्यों नहीं की जाती? सभी जानते हैं कि केरल के मुख्यमंत्री भ्रष्ट हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां आते हैं और सबरीमाला मंदिर या सोने की चोरी के बारे में बात नहीं करते क्योंकि वे मुख्यमंत्री को बचाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता ने केरल में चलाए गए एक विज्ञापन अभियान का भी जिक्र किया, जिसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ और कौन टैगलाइन छपी थी। उन्होंने कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि राज्य का प्रभावी नेतृत्व कोई और नहीं कर सकता। भाजपा के साथ अपने संघर्षों के दौरान केरल की प्रतिक्रिया के बारे में गांधी ने कहा कि जब भाजपा मुझ पर प्रतिदिन हमले कर रही थी, तब केरल मेरे साथ खड़ा रहा। यूडीएफ और एलडीएफ दोनों के लोगों ने मेरी देखभाल की। जब मुझे सुरक्षा की जरूरत थी, तब पूरे केरल ने मेरी रक्षा की। उन्होंने एलडीएफ पर केरल में एक नया अभियान शुरू करने का आरोप लगाया, जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री को भाजपा के साथ जोड़ा जा रहा था। उन्होंने कहा कि आज केरल में एलडीएफ द्वारा एक नया अभियान शुरू किया गया है। भाजपा के प्रति आपके मुख्यमंत्री का रवैया वही है जो आप कहते हैं कि मैं करूंगा। डोनाल्ड ट्रंप नरेंद्र मोदी को नियंत्रित करते हैं, और नरेंद्र मोदी आपके मुख्यमंत्री को नियंत्रित करते हैं।

## पुल-अप्स करते समय इंजीनियरिंग के छात्र पर गिरा बास्केटबॉल पोल, हुई दर्दनाक मौत

पुणे ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे स्थित एक मरीन इंजीनियरिंग संस्थान में एक दुखद हादसे में 20 वर्षीय छात्र की जान चली गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, छात्र के ऊपर बास्केटबॉल कोर्ट का बैकबोर्ड गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं।

**मॉर्निंग वॉक के दौरान हुआ हादसा**

मृतक छात्र की पहचान विशाल वर्मा के रूप में हुई है, जो तोलानी मैरीटाइम इंस्टीट्यूट में दूसरे वर्ष का छात्र था। बताया जा रहा है कि वह सुबह कैंपस में टहलने निकला था। इसी दौरान वह बास्केटबॉल हूप पर लटककर पुल-अप्स करने लगा, तभी अचानक पूरा बैकबोर्ड और उसका फ्रेम टूटकर उसके ऊपर गिर पड़ा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद छात्रों और स्टाफ ने तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**2028 में पूरी होनी थी पढ़ाई**

जानकारी के अनुसार, विशाल उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले का रहने वाला था और उसने 2024 में इस संस्थान में दाखिला लिया था। उसका चार वर्षीय बीटेक कोर्स 2028 में पूरा होना था।

## बड़ी खबर : जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा

बिलासपुर,(आरएनएस)। साल 2003 के चर्चित राम अवतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की खंडपीठ ने सीबीआई की अपील ( ACQA No. 66/2026) को स्वीकार करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलट दिया। हाईकोर्ट ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और धारा 120-बी (अपराधिक षड्यंत्र) के तहत दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में छह माह की अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। हाईकोर्ट का यह फैसला 31 मई 2007 के ट्रायल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह पलट दिया है। उस समय स्पेशल जज (एट्रोसिटी) रायपुर ने अमित जोगी को बरी कर दिया था, जबकि चिमन सिंह, याह्या ढेबर, अभय गोयल और फिरोज सिद्दीकी सहित अन्य 28 आरोपियों को सजा सुनाई गई थी।

## चंडीगढ़-जालंधर के स्कूलों में बम की धमकी, फिरोजपुर में कोर्ट खाली कराया; तलाशी अभियान जारी





जालंधर/चंडीगढ़,(आरएनएस)। पंजाब के जालंधर और चंडीगढ़ में सोमवार को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। जालंधर में डीपीएस स्कूल, मेयर वर्ल्ड स्कूल और एक अन्य डीपीएस स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई, जिसमें आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते हुए बच्चों को बचाने की चेतावनी दी गई। धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन और प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीमें बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू कर दी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए साइबर सेल को भी जांच में शामिल किया गया है। लगातार मिल रही ऐसी धमकियों से अभिभावकों में चिंता का माहौल है। धमकी भरे ईमेल में जालंधर के स्कूलों और मेयर ऑफिस में विस्फोट की बात कही गई है। इसके अलावा, संदेश में उकसाऊ और आपत्तिजनक बयान भी लिखे गए हैं। ईमेल भेजने वाले ने खुद को एक संगठन से जुड़ा बताया है, जिसकी पहचान की जांच की जा रही है। उधर, चंडीगढ़ के सेक्टर-41, 32, 47 और 45 स्थित स्कूलों को भी इसी तरह के ईमेल मिले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और संबंधित स्कूलों को खाली करवा लिया गया। फिलहाल, पुलिस द्वारा स्कूलों और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन जारी है। हर संदिग्ध वस्तु पर नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। वहीं फिरोजपुर कोर्ट काम्प्लेक्स को एक फिर बम से उठाने की धमकी मिली है। दोपहर 2 बजे तक कामकाज बंद कर दिया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कोर्ट खाली करवाई और छानबीन शुरू कर दी है।

## हिमाचल में निराश्रित गोवंश के लिए 'गोपाल योजना' के तहत 14.68 करोड़ रुपये जारी



शिमला ,(आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निराश्रित और आवारा गोवंश के कल्याण के लिए 'गोपाल योजना' के तहत 14.68 करोड़ रुपये जारी किए हैं।रविवार को एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह राशि पंजीकृत गौशालाओं और गो अभयारण्यों को रखरखाव अनुदान के रूप में दी गई है, ताकि परित्यक्त गायों को उचित देखभाल, आश्रय और पोषण मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं, जो किसानों के लिए एक बड़ी चिंता बन चुकी है। कई क्षेत्रों में ये पशु खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक हानि होती है।उन्होंने बताया कि कुछ इलाकों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि किसानों ने खेती कम कर दी है या पूरी तरह छोड़ दी है।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के अंतर्गत 262वें आर्मी मेडिकल कोर स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया।

## मासूम चिल्लाती रही-अंकल बचा लो, घर में बांधकर पीटता रहा पूर्व सैनिक, बोला- इसने मेरे अमरुद तोड़े

उना (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के उना जिले से एक बेहद संवेदनशील और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक छोटी बच्ची को अमरूद तोड़ने की मामूली गलती पर अमानवीय सजा दी गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोगों में भारी आक्रोश है।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्ची बार-बार आरोपी से रहम की गुहार लगाती रही, लेकिन पूर्व सैनिक ने उसके हाथ-पांव बांधकर बेरहमी से पिटाई की। बच्ची अंकल बचा लो कहकर चीखती रही, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा।

**छोटी सी गलती पर क्रूर सजा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना बेहड़ाला गांव की है। बच्ची ने रास्ते से गुजरते समय किसी के घर के बाहर लगे पेड़ से अमरूद तोड़ लिया था। इसी बात पर आरोपी भड़क उठा और बच्ची को पकड़कर अपने घर ले गया, जहां उसे रस्सी से बांधकर पीटा गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को छुड़ाया। किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया।

**प्रशासन हरकत में, आरोपी गिरफ्तार**

वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन और पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट (JJ Act) की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## डेटा संप्रभुता को लेकर सरकार की चुप्पी पर राहुल गांधी का वार, कहा- भारत को अंधेरे में रखा जा रहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत की डेटा संप्रभुता को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। इससे पहले लोकसभा में एक अप्रैल को नेता विपक्ष गांधी ने सरकार से डेटा और इसे लेकर अन्य देशों के साथ किए जा रहे समझौतों पर भी कई सवाल पूछे थे। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने तब उनके हर सवाल का लिखित में जवाब दिया था। राहुल गांधी ने अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में कहा, इसलिए मैंने सरकार से अमेरिका के साथ हालिया व्यापार सौदे के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं: अमेरिका के साथ बाधाओं को कम करने का हमारे डेटा के लिए क्या मतलब है? क्या हमारा स्वास्थ्य डेटा, वित्तीय डेटा और सरकारी डेटाबेस भारत में ही रहेंगे? क्या भारत अभी भी विदेशी कंपनियों को डेटा यहां संग्रहीत करने और इसका इस्तेमाल अपना खुद का एआई बनाने के लिए कर सकता है?

## मां ने दिलाया मृत बेटे को न्याय, सबूत पुलिस को सौंपे, दो साल पहले दुर्घटना करने वाले ट्रक को खोजा

चमोली (आरएनएस)। प्रेमनगर क्षेत्र में दो साल पहले हुए हिट एंड रन मामले में पुलिस से जांच की उम्मीद टूटी तो मां ने मृत बेटे को न्याय दिलाने के लिए खुद ही संघर्ष करने का रास्ता चुना। दो साल तक सीसीटीवी कैमरे जांचे, आरटीओ दफ्तर पहुंचकर ट्रकों के नंबर हासिल किए और सड़क नापती रहीं। आखिरकार उस ट्रक को खोज निकाला जिसने दुर्घटना की थी।अब मामले में दोबारा जांच शुरू होगी। पीड़िता ललिता चौधरी ने बताया कि 16 फरवरी 2024 को उनके बेटे क्षितिज चौधरी को प्रेमनगर क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में क्षितिज करीब 45 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा जिसके बाद उसे एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी से महिला आरक्षण विधेयक में प्रस्तावित संशोधन का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया



डिब्रूगढ़ (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी से महिला आरक्षण विधेयक में प्रस्तावित संशोधन का पूर्ण समर्थन करने का आह्वान किया है, जिस पर इस महीने के अंत में संसद के विशेष सत्र में चर्चा होनी है। असम के डिब्रूगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि विपक्ष को इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने से बचना चाहिए। संसद का विशेष सत्र 16, 17 और 18 अप्रैल को होगा, जिसमें 2029 के लोकसभा चुनावों से महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण लागू करने पर चर्चा होगी। मोदी ने उम्मीद जताई कि इस फैसले को सर्वसम्मति से मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने महिला आरक्षण के एजेंडे में कई वर्षों की देरी के लिए कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम—जो संसद और असम विधानसभा दोनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है—भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के सत्ता में रहते हुए पारित किया गया था। मोदी के अनुसार, इस संशोधन से यह सुनिश्चित होगा कि 2029 के चुनावों तक लोकसभा सांसदों में कम से कम 33 प्रतिशत महिलाएं हों। उन्होंने कहा कि मैंने कांग्रेस से भी आग्रह किया है कि वह इस पर राजनीति न करे, बल्कि संशोधन को पूरा समर्थन दे ताकि महिलाओं के पक्ष में सर्वसम्मति से निर्णय लिया जा सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पिछले सप्ताह आरोप लगाया कि 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद सत्र आयोजित करना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। रमेश ने बताया कि सरकार ने मूल रूप से नई जनगणना के आंकड़ों के आधार पर महिला आरक्षण विधेयक को 2034 के चुनावों से लागू करने की योजना बनाई थी, जबकि कांग्रेस इसे पहले लागू करने की वकालत कर रही है।




)बीजेपी सांसद रवि शंकर प्रसाद पटना में पटना हवाई अड्डे पर एयरपोर्ट सलाहकार समिति की बैठक में शामिल हुए।

## पेट्रोल पर राहुल गांधी को अमित शाह का जवाब, कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन पाकिस्तान में



नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि के दावों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वास्तव में ऐसा पड़ोसी देश पाकिस्तान में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने ईंधन की कमी, घर से काम करने के आदेश और आसमान छूती कीमतों जैसे अंतरराष्ट्रीय रुझानों को मात दी है और सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित की है। 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने वादा किया कि अगर एनडीए को दो-तिहाई बहुमत मिलता है तो वे पुडुचेरी के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सत्ताधारी एएनआरसी-भाजपा गठबंधन आगामी चुनावों में लगातार दूसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में इस केंद्र शासित प्रदेश में एक जनसभा में कहा था कि खाड़ी युद्ध के कारण भारत में पेट्रोल की कीमतें बढ़ गई हैं। शाह ने कहा कि वह सही हैं। पेट्रोल की कीमत 458 रुपये है, जबकि डीजल की कीमत 520 रुपये तक पहुंच गई है। लेकिन राहुल... ऐसा भारत में नहीं, बल्कि पाकिस्तान में हुआ है। इसके विपरीत, देश में कीमतें स्थिर हैं और पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है। हाल ही में, ईंधन की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के बाद हुए तीव्र विरोध के मद्देनजर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पेट्रोल की कीमतों में कटौती की घोषणा की थी।

## योग्यता होने के बावजूद कई युवा राज्य से बाहर नौकरी तलाशने के लिए मजबूर हैं : प्रियंका गांधी



तिरुवनंतपुरम (ए.)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को केरल में शिक्षित युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे को उठाया और कहा कि योग्यता होने के बावजूद कई युवा राज्य से बाहर नौकरी तलाशने के लिए मजबूर हैं। पेरावूर में जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि मैं पिछले एक साल से वायनाड की सांसद हूं और मैं आप लोगों की समस्याओं और संघर्षों को करीब से देखती हूं। मैं देख सकती हूं कि आप सभी ने अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए बहुत संघर्ष और मेहनत की है। प्रियंका गांधी ने कहा कि जिन लोगों से मेरी मुलाकात होती है, वे काफी पढ़े-लिखे हैं। केरल में जब मैं पढ़े-लिखे युवाओं से मिलती हूं, तो अक्सर उनके पास नौकरी नहीं होती, और अगर होती भी है, तो वह राज्य से बाहर होती है। केरल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतदान 9 अप्रैल को होगा और मतगणना 4 मई को निर्धारित है। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 23 मई को समाप्त हो रहा है। पिछले एक दशक से केरल में CPI(M) के नेतृत्व वाली LDF सरकार है। 2021 के चुनावों में, LDF ने 99 सीटों के साथ सत्ता बरकरार रखी और 1977 के बाद लगातार दो कार्यकाल जीतने वाली पहली सत्ताधारी सरकार बनी। UDF को 41 सीटें मिलीं, जबकि NDA को 11.4 प्रतिशत वोट मिलने के बावजूद एक भी सीट नहीं मिली। इस जीत के बाद, मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन केरल के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्हें पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा चुना गया है। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) 62 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि कांग्रेस ने 21 और सीपीआई ने 17 सीटें जीतीं। यूडीएफ की प्रमुख सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 15 सीटें हासिल कीं। राज्य भर में यूडीएफ के चुनाव प्रचार में सतीशान की केंद्रीय भूमिका को देखते हुए, परवूर के नतीजों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है, क्योंकि ये नतीजे मोर्चे की चुनावी संभावनाओं और केरल की राजनीति में उनकी नेतृत्व क्षमता दोनों के संकेतक साबित होंगे।

# चार साल की उम्र में ही अभिनय शुरु कर दिया था पल्लवी जोशी ने

मुंबई (ए.)। 90 के दशक में एक अभिनेत्री को टेलीविजन की क्वीन का दर्जा मिला। इतना ही नहीं, उन्होंने कई पुरस्कार भी अपने नाम किए। यहां चर्चा हो रही हैं पल्लवी जोशी की, जिन्होंने बाल कलाकार के तौर पर करियर की शुरुआत की, लेकिन एक समय ऐसा आया, जब उन्हें सिनेमा और टेलीविजन दोनों में काम मिलना बंद हो गया।

मुंबई में 4 अप्रैल को जन्मी पल्लवी जोशी ने चार साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने साल 1979 में बाल कलाकार के रूप में



फिल्म दादा से पर्दे पर कदम रखा और मुन्नी नामक बच्ची का किरदार निभाया था। जिसके बाद वे आदमी सड़क का, नाग मेरे साथी, और परख जैसी फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने वैसे तो कई फिल्मों में प्रतिभाशाली भूमिका निभाई, लेकिन जो प्रसिद्धि उन्हें टेलीविजन से मिली, वो कहीं और नहीं मिली। 80 के दशक के अंत में अभिनेत्री ने मिस्टर योगी, तलाश, और इमली जैसे सुपरहिट टीवी सीरियल में काम किया। उनका अल्पविराम सीरियल सबसे ज्यादा लोकप्रिय हुआ था। पल्लवी जोशी डेली सोप में भी काम करने लगीं और बड़ा चेहरा बनीं। उन्होंने साल 1994 से फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। उन्हें वो छोकरी फिल्म के लिए स्पेशल ज्यूरी अवॉर्ड भी मिला। सुबंकर घोष की इस फिल्म को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले थे। कई अवॉर्ड और प्रभावशाली किरदार निभाने के बावजूद एक समय बाद पल्लवी को टीवी और फिल्मों दोनों में काम मिलना बंद हो गया। अभिनेत्री ने खुद इस बात का खुलासा किया कि कैसे उन्हें काम मिलना पहले कम और फिर बाद में बंद हो गया। उन्होंने एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा था कि एक डेली सोप का ऑफर आया था और सीरियल में लगभग सबकुछ फाइनल हो चुका था, लेकिन फिर कहा गया कि पल्लवी जोशी को मत लो, क्योंकि वो काली है। यही कारण रहा कि मुझे सीरियल से बाहर निकाल दिया गया। मेरे समय की बहुत सारी अभिनेत्रियों को इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ा, क्योंकि उस वक्त डेली सोप में लोग नए चेहरे देखना चाहते थे। नई अभिनेत्रियां आ रही थी और हमें वही घिसे-पिटे पुराने सास वाले किरदार ऑफर होने लगे। आज पल्लवी न सिर्फ फिल्मों में प्रभावशाली किरदार निभा रही हैं, बल्कि खुद फिल्मों का निर्माण भी कर रही हैं। उन्होंने आई एम बुद्धा नामक प्रोडक्शन हाउस खोला है। इसकी स्थापना उन्होंने अपने पति और प्रख्यात निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री के साथ मिलकर की है। यह प्रोडक्शन हाउस विशेष रूप से सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री के निर्माण के लिए जाना जाता है।

# सीता जी के रोल के लिए साई पल्लवी से बेहतर कोई नहीं : रणबीर कपूर

मुंबई (ए.)। हाल ही में लॉस एंजिल्स में हुए एक खास इवेंट में नितेश तिवारी की फिल्म रामायण का टीजर दिखाया गया। अपकमिंग मूवी में अभिनेता रणबीर कपूर भगवान श्रीराम के किरदार में नजर आएंगे। रामायण फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर रणबीर कपूर ने बताया कि माता सीता के किरदार के लिए साई पल्लवी से बेहतर कोई और हो ही नहीं सकता था।

साई पल्लवी की तारीफ करते हुए रणबीर ने कहा कि वह एक बेहद मंझी हुई एक्ट्रेस हैं और उन्होंने अब तक कमाल का काम किया है। रणबीर कपूर ने रामायण मूवी के सेट का एक दिलचस्प किस्सा शेयर करते हुए बताया, 'मुझे याद है जब पहले दिन मैंने साई को माता सीता के गेटअप में देखा, तो मैं बस नितेश सर को देखता रह गया। हम दोनों को उसी पल समझ आ गया था कि इस रोल के लिए उनसे बेहतर कोई और हो ही नहीं सकता।' नितेश तिवारी की 'रामायण' में जहां साई पल्लवी की चर्चा हर तरफ है, वहीं यश का रावण बनना भी फिल्म का सबसे बड़ा





हाईलाइट माना जा रहा है। फिल्म में राम का किरदार निभा रहे रणबीर कपूर ने यश की तारीफ करते हुए कहा, 'यश का अपना एक अलग स्टारडम है, रावण जैसे शक्तिशाली किरदार को निभाने के लिए जिस ऑरा और स्क्रीन प्रेजेंस की जरूरत होती है, वह यश में कूट-कूट कर भरी है।' हालांकि, अभी तक साई पल्लवी और यश के लुक्स को पूरी तरह रिवील नहीं किया गया है, लेकिन रणबीर के राम लुक ने फैंस की उम्मीदें सातवें आसमान पर पहुंचा दी हैं।

टीजर में भी सीता के रूप में साई पल्लवी की एक धुंधली सी झलक दिखाई गई है, साथ ही यश के पुष्पक विमान के कुछ बेहद शानदार विजुअल्स भी देखने को मिले हैं, जो दर्शकों को रोमांच से भर देने वाले हैं। बताते चलें कि 'रामायण' का टीजर 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के खास मौके पर लॉन्च किया गया।

इस ग्रैंड इवेंट में डायरेक्टर नितेश तिवारी और प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा तो मौजूद थे, लेकिन सबकी निगाहें फिल्म के राम यानी रणबीर कपूर को ढूंढ रही थीं। रणबीर का इस बड़े इवेंट से गायब होना हर किसी को खटक रहा था और वहां मौजूद मीडिया के बीच भी इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थीं।

# अपर्णा सेन ने ठुकरा दिया था फिल्म अंकुर का ऑफर, अब हो रहा पछतावा





मुंबई (ए.)। क्या आपको पता है कि शबाना आजमी की पहली ही फिल्म अंकुर में जो रोल अभिनेत्री ने किया है वह इस रोल के लिए डायरेक्टर की पहली पसंद नहीं थीं? मूवी में शबाना आजमी की परफॉर्मेंस की हर तरफ जमकर तारीफ हुई और इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। दरअसल श्याम बेनेगल ने यह फिल्म पहले मशहूर एक्ट्रेस अपर्णा सेन को ऑफर की थी, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था।

हाल ही में बातचीत के दौरान अपर्णा ने इसके पीछे की वजह बताई। उन्होंने कुबूल किया कि उस वक्त उनकी हिंदी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो रही थीं। अपर्णा के मुताबिक, उन्होंने हिंदी फिल्में कभी स्टार बनने के लिए नहीं, बल्कि पैसों की जरूरत के चलते की थीं और उनके फैसले अक्सर गलत साबित हुए। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि अंकुर उन फिल्मों में से एक थी जिसे न करना उनकी बड़ी गलती थी। अपर्णा सेन ने आगे बताया, 'श्याम ने मुझे फिल्म का सिनोप्सिस भेजा था। उसमें लिखा था कि फिल्म की मुख्य किरदार को हिंदी के साथ-साथ थोड़ा तेलुगु लहजे में बात करनी होगी। मुझे लगा कि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल होगा, ऊपर से मुझे एक घरेलू नौकरानी का रोल करना था। सच कहूं तो मैं इसे लेकर बिल्कुल भी कॉन्फिडेंट नहीं थी। यह श्याम की पहली फिल्म थी और नए डायरेक्टर होने की वजह से कई लोग उन्हें पहले ही मना कर चुके थे। मैंने उनसे कहा कि मुझे कहानी तो बहुत पसंद आई, लेकिन मैं यह फिल्म नहीं कर पाऊंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'श्याम ने बस इतना कहा कि ठीक है, आप सिनोप्सिस वापस भेज दीजिए। उन्हें यकीनन बुरा लगा होगा, लेकिन अगर उन्होंने मुझसे क्यों पूछा होता, तो शायद मैं उन्हें अपनी घबराहट के बारे में बताती और वो मुझे समझा लेते। पर शुक्र है ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि शबाना आजमी ने उस रोल में जो कमाल किया, वो अद्भुत था। बताते चलें कि 'अंकुर' में शबाना आजमी ने लक्ष्मी का यादगार किरदार निभाया था।

# सिंगापुर का खाना, फैशन और माहौल पसंद आया मौनी रॉय को



मुंबई (ए.)। अभिनेत्री मौनी रॉय को सिंगापुर में अपने नए म्यूजिक वीडियो 'सॉसी' की शूटिंग के दौरान एक नया अनुभव हुआ। वीडियो में उन्होंने पंजाबी सिंगर-रैपर रियार साब और मशहूर रैपर डिवाइन के साथ काम किया है। अभिनेत्री ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सिंगापुर पहले से ही उनकी ट्रैवल लिस्ट में शामिल था, लेकिन इस बार वहां जाना उनके लिए बेहद खास साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इस खूबसूरत देश को पहली बार करीब से देखने और उसी दौरान शूटिंग करने का अनुभव उनके लिए अनोखा रहा। वहां का खाना, फैशन और माहौल उन्हें बेहद पसंद आया और उन्होंने खुद को उस माहौल में पूरी तरह घुला-मिला हुआ महसूस किया।



उन्होंने आगे बताया कि शूटिंग के दौरान उन्हें शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाने का मौका मिला, जहां हर जगह का अनुभव अलग था। कभी शहर तेज रफ्तार और हलचल से भरा नजर आता था, तो कभी शांत और सुकून देने वाला। इसी दौरान उन्हें सिंगापुर से एक खास जुड़ाव महसूस होने लगा। मौनी के मुताबिक, वह वहां काम करने गई थीं, लेकिन शहर के आकर्षण में इस कदर खो गईं कि अब दोबारा वहां जाने की इच्छा रखती हैं।

## सुबह की आदतों में सुधार बेहद जरूरी : सामंथा रुथ प्रभु

मुंबई (ए.)। साउथ फिल्म इंडस्टी की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने अपनी खास 'पावर मॉर्निंग' रूटीन साझा की है। सोशल मीडिया पर सामंथा ने एक वीडियो के जरिए बताया कि उन्होंने कई तरह के मॉर्निंग रूटीन अपनाए, लेकिन अंत में एक सरल और प्रभावी तरीका खोजा, जिसे उन्होंने 'पावर मॉर्निंग' नाम दिया। उनके अनुसार, दिन की शुरुआत सही ढंग से करने पर पूरे दिन की ऊर्जा और उत्पादकता पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर सुबह व्यवस्थित होती है, तो दिनभर शरीर और मन दोनों संतुलित रहते हैं। वीडियो में उन्होंने यह भी बताया कि कई लोग नियमित व्यायाम और डाइट के बावजूद पेट की चर्बी, त्वचा संबंधी समस्याओं या सुबह चेहरे पर सूजन जैसी परेशानियों से जूझते हैं।

# मै आज जो भी हूं, मां की वजह से हूं : करिश्मा कपूर





मुंबई (ए.)। 90 के दशक की सुपरहिट एक्ट्रेस और कपूर खानदान से ताल्लुक रखने वाली करिश्मा कपूर के लिए फिल्मी सफर फूलों की सेज नहीं था। शुरुआती दौर में करिश्मा को इंडस्ट्री की कई कठिन चुनौतियों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। करिश्मा का मानना है कि इन मुश्किल हालातों में उनकी मां बबीता उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बनीं। आज अपनी शानदार कामयाबी और टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार होने का पूरा श्रेय करिश्मा अपनी मां के अटूट साथ और संघर्ष को देती हैं। करिश्मा कपूर ने खुलकर बताया कि कैसे उनकी मां बबिता ने हर मुश्किल वक्त में उनका साथ दिया और उन्हें मजबूत बनाया।

करिश्मा कपूर हाल ही में सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के एक खास एपिसोड में नजर आईं। इस दौरान शो के होस्ट आदित्य नारायण ने उनकी मां बबिता का जिक्र करते हुए कहा कि करिश्मा के करियर में उनका काफी सपोर्ट रहा है। उनकी मां ही असली सुपरस्टार हैं। यह सुनकर करिश्मा इमोशनल हो गई। भावुक होते हुए करिश्मा ने कहा, 'मेरी मां मेरे लिए भगवान जैसी हैं। मैं जो भी हूं, मां की वजह से हूं। यूं तो परिवार के सभी लोगों ने मेरा साथ दिया, लेकिन मेरी मां ने मुझे जो आत्मविश्वास और संस्कार दिए, वही मेरी जिंदगी की सबसे बड़ी ताकत बने। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसका पूरा श्रेय मैं अपनी मां को देती हूं।' करिश्मा कपूर ने इस दौरान अपनी मां के फिल्मी करियर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया, 'मां ने हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय के लिए काम किया, लेकिन उस छोटे से करियर में भी उन्होंने कई सफल फिल्में दीं। यह उनकी प्रतिभा और मेहनत का सबूत है कि कम समय में ही उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली थी।'

उन्होंने बताया कि उनकी मां ने उस दौर के बड़े सितारों जैसे राजेश खन्ना, जितेंद्र, मनोज कुमार और धर्मेंद्र के साथ काम किया। इसके अलावा, उन्होंने कपूर परिवार के मशहूर अभिनेताओं शम्मी कपूर और शशि कपूर के साथ भी स्क्रीन शेयर की, हालांकि, उस समय कपूर परिवार में एक परंपरा थी, जिसके अनुसार परिवार की महिलाएं फिल्मों में काम नहीं करती थीं। इसी वजह से बाबिता को शादी के बाद अपने फिल्मी करियर को छोड़ना पड़ा। यह उनके लिए एक बड़ा फैसला था, लेकिन उन्होंने अपने परिवार को प्राथमिकता दी और अपने बच्चों की परवरिश पर ध्यान केंद्रित किया।

# मटन खाने को लेकर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा के घर मचा घमासान

## -मां ने शर्तों पर दी इजाजत, अक्षरा ने पिता के साथ बनाया चंपारन मटन



मुंबई,(ए.)। भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह अपनी गायकी और अदायगी की वजह से काफी मशहूर हैं। अभिनेत्री की मां नीलिमा सिंह टेलीविजन का जाना-माना चेहरा हैं, जो स्टार प्लस से लेकर दंगल के शोज में काम कर चुकी है और आज भी टेलीविजन की दुनिया में सक्रिय है। अब अक्षरा सिंह के घर पर किसी फिल्म को लेकर नहीं, बल्कि मटन को लेकर बवाल हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अक्षरा सिंह ने अपना नया व्लॉग शेयर किया है, जिसमें बताया कि इस बार तीनों के बीच मटन को लेकर जंग जारी है। अक्षरा के पिता को मटन खाना है, लेकिन मां नीलिमा सिंह का कहना है कि उनके जीते-जीते घर में मटन, चिकन कुछ नहीं बनेगा। ऐसे में अक्षरा भी अपने पिता का साथ दे रही हैं। ऐसे में नीलिमा अपने अपने पति और बेटी को ताने मारती हैं और आखिर में शर्त के साथ घर में मटन बनाने की इजाजत दे दी जाती है।

नीलिमा साफ कह देती हैं कि मटन बनाने के लिए चूल्हा और बर्तन दोनों अलग होंगे। ऐसे में अक्षरा अलग सिलेंडर का इंतजाम करने की बात कहती हैं, लेकिन नीलिमा ताने मारते हुए कहती है कि अब तो सिलेंडर से जमाना वापस चूल्हे और इंडक्शन पर आ चुका है। बता दें अक्षरा सिंह का चटर-पटर व्लॉग फैंस को भी खूब पसंद आ रहे हैं। अभिनेत्री हर हफ्ते परिवार के साथ एक व्लॉग डालती हैं, जिसमें वे बिहार की परंपरा और ऑथेंटिक खाने की बातें करती हैं और खाना पकाती हुई भी दिखती हैं। इस बार अक्षरा ने अपने पिता के साथ मिलकर चंपारन मटन बनाया है, जो बिहार की सबसे प्रसिद्ध रेसिपी है। इसे मिट्टी के मटके में दम लगाकर बनाने की परंपरा है। इससे पहले अक्षरा ने मां नीलिमा के साथ मिलकर पनीर मसाला की मजेदार रेसिपी शेयर की थी, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था। बता दें अक्षरा सिंह के कई यूट्यूब चैनल हैं।

# दूसरी बार मां बनी सोनम ने माना हॉस्पिटल की टीम का आभार





मुंबई (ए.)। हाल ही में दूसरी बार मां बनी अभिनेत्री सोनम कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी दो खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की, और बेहतरीन काम के लिए अस्पताल की टीम का आभार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम पर सोनम ने लिखा कि उनके दूसरे बेटे के जन्म के दौरान हॉस्पिटल ने पूरे अनुभव को यादगार और अविश्वसनीय बना दिया।

सोनम कपूर ने अपनी पोस्ट में अस्पताल की पूरी टीम का विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, "डॉक्टर ने मेरी दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान मेरी देखभाल व मार्गदर्शन किया। उनकी देखभाल में एक ऐसा भरोसा, शांति और आश्वासन महसूस होता है, जो बहुत कम देखने को मिलता है। मैं उनके सहयोग, समझदारी और विनम्रता के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।" सोनम ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा, "आप सभी ने न सिर्फ पेशेवर तरीके से काम किया बल्कि अपनी कोमलता, सहानुभूति और सच्ची परवाह से उम्मीद से कहीं ज्यादा दिया। अस्पताल में हमेशा ऐसी उम्मीद नहीं की जाती, लेकिन ऐसा ही होना चाहिए। इसी बात ने इस अनुभव को इतना यादगार बना दिया।"

उन्होंने अस्पताल की चेयरपर्सन नीता अंबानी का भी शुक्रिया अदा किया और लिखा, "नीता आंटी ने जो कुछ बनाया है, वह सचमुच कमाल का है, एक ऐसी जगह जहां बेहतरीन सेवा और करुणा का अद्भुत मेल देखने को मिलता है।" पोस्ट के अंत में सोनम ने लिखा, "मैं बहुत ज्यादा आभारी, सुरक्षित और धन्य महसूस कर रही हूं।

हमारी देखभाल करने वाली इस बेहतरीन टीम की मैं हमेशा आभारी रहूंगी, यहां का अनुभव मेरे लिए बेहद खास रहा।" सोनम कपूर ने बीते साल नवंबर में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी और सोशल मीडिया पर 29 मार्च को किए पोस्ट में बताया कि अब दो बच्चों की मां बन चुकी हैं। सोनम ने पोस्ट में खुशी जाहिर करते हुए लिखा था,"बेहद शुक्रगुजार और प्यार से भरे दिलों के साथ, हमें 29 मार्च को अपने बेटे के आने की खुशखबरी सुनाते हुए बहुत खुशी हो रही है। हमारा परिवार और बड़ा हो गया है और उसके आने से हमारे दिल खुशियों से और भी ज्यादा भर गया है।"

# संग्राम सिंह अर्जेंटीना में एमएमए खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने



ब्यूनस आयर्स (ए)। भारत के संग्राम सिंह ने अर्जेंटीना में मिक्स्ड मार्शल आर्ट् (एमएमए) खिताब जीत लिया है। संग्राम ये एक अहम उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। संग्राम ने खिताबी मुकाबले में फ्रांस के फाइटर फ्लोरियन को दो मिनट में ही हरा दिया। इस जीत के साथ ही संग्राम ने एक बार फिर अपने को साबित किया है। संग्राम की एमएमए में यह लगातार तीसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी और नीदरलैंड्स के एम्स्टर्डम में भी मुकाबले जीते थे। वह कॉमनवेल्थ हेवीवेट चैंपियन भी रहे हैं। वहीं जीत के बाद संग्राम ने कहा, मेरे लिए जीत या हार अधिक महत्वपूर्ण नहीं है। मैं या तो जीतता हूं या सीखता हूं। मैं हमेशा कहता हूं कि जुनून की कोई उम्र नहीं होती। मेरा सपना था कि मैं अर्जेंटीना में जीतने वाला पहला भारतीय बनूं और आज मेरा सपना पूरा हो गया है। संग्राम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच को दिया है। उन्होंने कहा, मैं अपने कोच का आभार व्यक्त करता हूं, जो पिछले 25 साल से मेरे साथ हैं। उन्होंने मेरी सफलता के लिए दिन-रात मेहनत की। संग्राम के सामने फ्लोरियन काफी कमजोर नजर आये भारतीय रेसलर ने उन्हें पहले किक पकड़कर गिराया और फिर अपने दांव आजमाकर मैच अपने नाम कर लिया। संग्राम ने इससे पहले भी कई देशों में हुए खिताबी मुकाबले जीते हैं और वह इस क्षेत्र में देश का नाम रौशन करते आये हैं।

## चेन्नई सुपर किंग की लगातार तीसरी हार, अब आरसीबी ने 43 रनों से हराया

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियान प्रीमियर लीग 2026 के 11वें मैच में रायल चैलेंजर बैंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स को 43 रनों मात दे दी. पहले बल्लेबाजी करके 250 रन बनाने के बाद आरसीबी ने सीएसके को 207 रनो पर ही समेट दिया. ये चेन्नई की इस सीजन लगातार तीसरी हार है.

251 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके का टॉप ऑर्डर एक बार फिर बुरी तरफ से फ्लॉप रहा और उसने 30 के ही कुल स्कोर पर अपने तीन बड़े विकेट खो दिए. जिसमें सैमसन (7), गायकवड़ (9) और महात्रे (1) का विकेट शामिल है.

30 पर तीन विकेट गिरने के बावजूद सरफराज खान ने तेजी से रन बनाए, लेकिन ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सके. वो 25 गेंद में 8 चौके और 2 छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हो गए. उसके बाद प्रशांत वीर ने 29 गेंद पर 43 और जेमी ओवर्टन ने 16 गेंद में 37 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया. जिससे सीएसके एक बड़ी और शर्मनाक हार से बच गया।

## आईपीएल 2026: किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने विराट कोहली

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 11वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली 28 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, उन्होंने इस पारी के दौरान एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह IPL के इतिहास में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 1,174 रन बनाए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा (1,161 रन बनाम केकेआर) का रिकॉर्ड तोड़ा।



कोहली ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ 36 मुकाबले खेले हैं और इसकी 35 पारियों में 4 बार नाबाद रहते हुए 37.87 की औसत और 128.30 की स्ट्राइक रेट से 1,174 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 10 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 90* रन रहा है। कोहली के बाद चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ सबसे ज्यादा रन (1,057) शिखर धवन ने बनाए हैं। कोहली ने चेन्नई सुपरकिंग्स के बाद सबसे ज्यादा रन (1,159) पंजाब किंग्स के खिलाफ बनाए हैं।रोहित आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने केकेआर के खिलाफ 36 मैचों में 40.03 की औसत और 131.18 के स्ट्राइक रेट से 1,161 रन बनाए हैं।

## आईपीएल 2026: महेंद्र सिंह धोनी कर सकते हैं टीम में वापसी, जल्द होगा फिटनेस टेस्ट

नईदिल्ली, (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपरकिंग्स के फैंस को लगातार 3 हार के बाद बड़ी राहत मिल सकती है। टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जल्द ही टीम में वापसी कर सकते हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले फिटनेस टेस्ट देंगे। अगर वह टेस्ट पास करते हैं, तो शनिवार को चेपॉक में मैदान पर खेलेंगे। बता दें, धोनी अब तक इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, अगले 2 दिनों में धोनी का फिटनेस टेस्ट होना है। उसके बाद ही उनके मैच खेलने पर फैसला किया जाएगा। बता दें, धोनी को आईपीएल शुरू होने से पहले ही पिंडली में चोट लगी थी, जिसके कारण वह टीम के साथ यात्रा भी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, वह लगातार ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा ले रहे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले भी उन्होंने लंबे समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया था।

चेन्नई सुपरकिंग्स के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस भी वापसी के करीब हैं। उन्हें भी आईपीएल शुरू होने से पहले साइड स्ट्रेन हुआ था, जिसके चलते वह अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। टीम के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने संकेत दिए हैं कि ब्रेविस अगले मैच तक फिट हो सकते हैं। उनकी वापसी चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए अहम होगी, क्योंकि उनके बिना मिडिल ऑर्डर कमजोर नजर आया है।

चेन्नई सुपरकिंग्स की आईपीएल 2026 की शुरुआत बेहद खराब रही है। पहले मैच में टीम मात्र 127 रन पर सिमट गई, जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने 128/2 बनाकर मुकाबला आसानी से जीत लिया। इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स बड़ा स्कोर (209/5) बनाने में कामयाब तो रही, लेकिन गेंदबाज इसको डिफेंड नहीं कर पाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई सुपरकिंग्स 207 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 250/3 का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

# आईपीएल में आज होगा मुम्बई और राजस्थान का मुकाबला

गुवाहाटी (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। इस मैच में जहां रॉयल्स जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। वहीं मुम्बई का लक्ष्य पिछले मैच में मिली हार से उबरकर जीत की राह पर वापसी करना रहेगा। आंकड़ों पर नजर डालें ता अब तक दोनो के बीच 31 मुकाबले हुए हैं जिसमें से 16 मुम्बई ने जबकि 14 रॉयल्स ने जीते हैं। कप्तान रियान पराग की राजस्थान टीम ने अब तक काफी अच्छा खेला है। टीम के हर खिलाड़ी ने अपनी ओर से योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने टीम को अच्छी शुरुआत दी है, वहीं वैभव सूर्यवंशी ने इसे तेजी रही है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल ने पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम लक्ष्य तक पहुंचाया है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के आने से टीम का संतुलन बेहतर हुआ है।

गेंदबाजी में टीम के पास जोफ्रा आर्चर जैसा तेज गेंदबाज है। वहीं नांद्रे बर्गर ने ने उनका अच्छा साथ दिया है। बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई ने अपनी स्पिन से विरोधियों पर अंकुश लगाया है। वहीं संदीप शर्मा और तुषार देशपांडे ने भी अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की टीम के नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की इस मैच से वापसी अभी तय नहीं है। ऐसे में कप्तानी सूर्यकुमार यादव के पास ही रहने की संभावना है। मुम्बई की बल्लेबाजी रोहित शर्मा , सूर्यकुमार




यादव के साथ ही तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।

इसके अलावा रयान रिकेल्टन शेरफेन रदरफोर्ड और मिशेल सैंटनर के अलावा टीम के पास । शार्दुल ठाकुर जैसे ऑलराउंडर हैं। मुंबई की गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट पर आधारित है। वहीं बीच के ओवरों में स्पिनर मिशेल सैंटनर विरोधी टीम पर अंकुश लगायेंगे। कुल मिलाकर देखा जाये तो मुकाबला रोमांचक होगा।

राजस्थान रॉयल्स : रियान पराग (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नंद्रे बर्गर, तुमार देशपांडे, संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई। इम्पैक्ट प्लेयर- डोनोवन फरेरा।

मुम्बई इंडियंस : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, मिचेल सेंटनर, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह। इम्पैक्ट प्लेयर: शार्दुल ठाकुर।

## सीएसके की तीसरी हार से निराश ऋतुराज बोले, मुझे बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिये थी

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल के 19 सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। सीएसके को अपने तीसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में हार मिली है। इससे टीम के युवा कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ निराश हैं। ऋतुराज ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि मुझे अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। साथ ही कहा कि अगर मैंने रन बना दिए होते तो मैच का परिणाम कुछ और होता पर ऐसा हुआ नहीं। इस मैच में आरसीबी से मिले 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 207 रन ही बना पायी।

हार के बाद उन्होंने कहा, 'मैं भी टीम केप्रदर्शन से थोड़ा हैरान था। सरफराज खान, प्रशांत वीर और जेमी ओवरटन ने अच्छा खेल दिखाया। वहीं अगर मैंने शीर्ष क्रम में रन बनाये होते तो हम लक्ष्य हासिल कर सकते थे। इसलिए आरसीबी के खिलाफ मिली हार की जिम्मेदारी मैं अपने ऊपर लेता हूं। इस मैच में हमारी टीम ने जिस प्रकार विराट कोहली का कैच छोड़ा उससे भी हमें नुकसान हुआ। इसके अलावा आरसीबी के टिम डेविड की पारी से भी मैच हमारे हाथ से निकल गया।

## भुवनेश्वर कुमार आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने, जानिए उनके आंकड़े

नईदिल्ली,(ए.)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 11वें मुकाबले में इतिहास रच दिया है। वह क्रिकेट की सबसे बड़ी लीग में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने हैं। उन्होंने आयुष म्हात्रे (1) को आउट करते ही यह कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। भुवनेश्वर साल 2011 से दुनिया की सबसे महंगी लीग में खेल रहे हैं। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों और रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं। भुवनेश्वर ने अपने 192वें आईपीएल मैच में 200 विकेट पूरे किए हैं। उन्होंने 2011 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। अपने एक दशक से लम्बे आईपीएल करियर में उन्होंने लगभग 27 की औसत के साथ ये विकेट अपने नाम किए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 19 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। वह इस लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से पहले सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे वारियर्स से भी खेल चुके हैं। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल के नाम है। उन्होंने 2013 में अपना पहला मुकाबला खेला था। इस खिलाड़ी ने 176 मैच की 174 पारियों में 22.68 की औसत से 224 विकेट लिए हैं। उन्होंने 8 बार 4 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं। उन्होंने एक बार 5 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/40 का रहा है। भुवनेश्वर के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (183) हैं।

# विदेश समाचार

## ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर फिर इजरायली हमला, बढ़ा तनाव



**-दुनिया की सबसे बड़ी गैस परियोजना निशाने पर; ईरान ने ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित करने की दी चेतावनी**

तेहरान, (ए.)। मध्य पूर्व में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है, जब इजरायल ने सोमवार को ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड पर दोबारा मिसाइल हमला किया। यह गैस फील्ड दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस परियोजनाओं में से एक है, जो ईरान और कतर के बीच फैली हुई है।

इससे पहले 18 मार्च को भी इस गैस फील्ड को निशाना बनाया गया था। उस समय अमेरकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्हें इस हमले की कोई जानकारी नहीं थी और ऐसे हमलों को टालने की आवश्यकता है।ताजा घटनाक्रम के बीच जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने के पास भी धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हमला अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए ईरान ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरानी नेतृत्व ने संकेत दिया है कि यदि अमेरिका और इजरायल के हमले जारी रहते हैं, तो वह वैश्विक सप्लाई चेन को प्रभावित कर सकता है। अली अकबर विलायती ने कहा कि जवाब केवल सैन्य कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार पर भी असर डाला जा सकता है।

### अमेरिका और इजरायल के हमले में आईआरजीसी के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी मारे गए

वाशिंगटन/यरूशलम (आरएनएस)। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के खुफिया प्रमुख माजिद खादेमी की मौत हो गई है। यह पुष्टि आईआरजीसी ने सोमवार को की। बताया जा रहा है कि संयुक्त हमले में सोमवार को ईरान के कई प्रांतों में कुल 34 लोगों की मौत हुई है, जिसमें 6 बच्चे भी शामिल हैं। ईरानी सेना आईआरजीसी ने 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध में अब तक अपने कई प्रमुखों को खो दिया है।

एक दिन पहले ही संयुक्त हमले में आईआरजीसी नौसेना खुफिया विभाग के उप प्रमुख बेहनम रेजाई की मौत हुई थी। इससे एक हफ्ते पहले गुरुवार को आईआरजीसी के नौसेना कमांडर अलीरेज़ा तंगसिरी मारे गए थे। वे एक अनुभवी कट्टरपंथी थे और होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक महत्व को कई लोगों से बेहतर समझते थे। बता दें कि ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों पर अपने हमले जारी रखे हुए है। सोमवार को इजरायल में 2 लोगों की मौत हुई है।

## सऊदी में मास क्रैकडाउन: हफ्तेभर में 14 हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार, कश्मीरी युवक हिरासत में



**-अवैध निवासियों पर सख्ती के साथ सोशल मीडिया पोस्ट पर भी कार्रवाई**

रियाद,(ए)। सऊदी अरब में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई जारी है। हाल ही में चलाए गए 'मास क्रैकडाउन' अभियान के तहत एक सप्ताह में 14,000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक कश्मीरी युवक भी है। यह अभियान देश के निवास, श्रम और सीमा सुरक्षा कानूनों के उल्लंघन पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया।

मिनिस्ट्री ऑफ इन्टीरियर सऊदी अरेबिया के अनुसार, 26 मार्च से 1 अप्रैल के बीच विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ संयुक्त निरीक्षण में कुल 14,242 लोगों को हिरासत में लिया गया। इनमें 7,884 लोग निवास कानून का उल्लंघन करते पाए गए, जबकि 3,948 लोगों को सीमा सुरक्षा नियम तोड़ने और 2,410 को श्रम कानून उल्लंघन के आरोप में पकड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से 23,815 को यात्रा दस्तावेज हासिल करने के लिए उनके दूतावासों के पास भेजा गया है। वहीं 6,808 लोगों को देश छोड़ने के लिए यात्रा बुकिंग पूरी करने का निर्देश दिया गया और 6,285 लोगों को डिपोर्ट किया जा चुका है।इसके अलावा 1,449 लोगों को अवैध रूप से देश में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया, जिनमें अधिकतर यमन और इथियोपिया के नागरिक शामिल हैं। वहीं 29 लोगों को अवैध रूप से देश से बाहर निकलने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया। सऊदी सुरक्षा बलों ने उन लोगों पर भी कार्रवाई की है, जो अवैध निवासियों को सहायता प्रदान कर रहे थे। ऐसे 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर आवास, रोजगार या परिवहन सुविधा देने के आरोप हैं।इस बीच, सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अली खामेनेई से जुड़े एक पोस्ट के मामले में कश्मीर के एक युवक को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि उसने ईरान से संबंधित संवेदनशील मुद्दे पर पोस्ट किया था, जिसके बाद दम्माम में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि सऊदी अरब सरकार कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की ढील देने के मूड में नहीं है।

## ईरान ने इजरायल के हाइफा में 10 ठिकानों पर कई मिसाइल दागे, इमारत में दबे लोग

तेहरान( आरएनएस)। ईरान ने सोमवार तड़के इजरायल के हाइफा शहर में कम से कम 10 से अधिक स्थानों पर हमले मिसाइल हमले किए हैं। इससे एक दिन पहले भी ईरान ने हाइफा पर मिसाइल दागी थी। इजरायली मीडिया के मुताबिक, मिसाइल हमले में आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया गया है, जिसमें इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। हमले में 2 लोगों की मौत और 4 लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है। कई लोग मलबे में दबे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल का वारहेट, जिसमें कई सौ किलोग्राम विस्फोटक सामग्री थी, वह इमारत से टकराने पर फटा नहीं है। बचाव दल के आकलन के अनुसार, यदि युद्धक सामग्री में विस्फोट हो जाता, तो धमाके से संभवत: पूरी इमारत नष्ट हो जाती और आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचता। बचाव दलों ने एहतियात बरतते हुए आसपास की कई इमारतों को खाली करा लिया है।

अमेरिका-इजरायल और ईरान का युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान में अभी तक 1,900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, सरकार ने पिछले कई दिनों के आंकड़े जारी नहीं किए हैं। लेबनान में भी 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं और 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यहां इजरायल ने जमीनी हमला किया है। यहां इजरायल के 11 सैनिक मारे गए हैं। युद्ध में अब तक अमेरिका के 13 सैनिक मारे गए हैं।

## ट्रंप ने कुछ दिनों में ईरान युद्ध खत्म होने का दावा किया, वरना पूरा देश उड़ाएंगे

वाशिंगटन,( आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान युद्ध को समाप्त करने को लेकर नया दावा किया है। उन्होंने कहा कि संघर्ष कुछ ही दिनों में खत्म हो सकता है।

ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान जल्द ही समझौता कर लेगा और अगर ऐसा नहीं होता है, तो अमेरिका पूरे देश को उड़ा देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर भी ईरान को अल्टीमेटम दिया है।

ट्रंप ने कहा, ईरान में आज पुलों और बिजली संयंत्रों को निशाना बनाने का दिन होगा। अगर कोई समझौता नहीं होता है तो बहुत कम चीजें जो बचेंगी। उन्होंने ईरान में जमीनी सेना भेजने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि यह आवश्यक है, लेकिन मैं संभावना से इनकार नहीं करता। उन्होंने कहा कि ईरान के पास पर्याप्त समय है, अगर वे समझौता नहीं करेंगे तो उनका पूरा देश बर्बाद हो जाएगा।

ट्रंप ने ट्रुथ पर एक रहस्यमयी पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने बस इतना लिखा, मंगलवार, पूर्वी समयानुसार रात 8:00 बजे! इससे संभावना जताई जा रही है कि उन्होंने ईरान को समझौते के लिए अतिरिक्त दिन दिया है और अपने अल्टीमेटम को 24 घंटे के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि अगर वे मंगलवार शाम तक कुछ नहीं करते, तो उनके पास कोई बिजली संयंत्र और पुल नहीं रहेगा।ट्रंप की होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बौखलाहट साफ दिख रही है। रविवार को उन्होंने ट्रुथ पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए लिखा था, मंगलवार का दिन ईरान में पावर प्लांट डे और ब्रिज डे होगा, ये दोनों एक ही दिन में होंगे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा! कमीने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दो, तुम पागल कमीनों, वरना तुम नरक में रहोगे, बस देखते जाओ! ट्रंप ने 26 मार्च को होर्मुज खोलने के लिए 10 दिन की समयसीमा दी थी।

# होर्मुज तुरंत खोलने पर बनी सहमति, अमेरिका-ईरान के बीच लागू हो सकता है सीजफायर

नई दिल्ली (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच अब कूटनीतिक स्तर पर राहत की खबरें सामने आ रही हैं। समाचार एजेंसी Reuters ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि ईरान और अमेरिका के बीच संभावित सीजफायर को लेकर एक फ्रेमवर्क तैयार किया गया है, जो जल्द लागू हो सकता है। इस प्रस्ताव के तहत होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोलने की संभावना भी जताई जा रही है।

### पाकिस्तान बना बैकचैनल, तैयार किया फ्रेमवर्क

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए एक टू-लेयर अप्रोच वाला प्लान तैयार किया है। इस योजना में तत्काल सीजफायर और उसके बाद एक व्यापक समझौते (कॉम्प्रिहेंसिव एग्रीमेंट) की रूपरेखा शामिल है। बताया जा रहा है कि इस ड्राफ्ट को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साझा किया गया है, जिसे अब औपचारिक सहमति पत्र (Mo) का रूप दिया जा सकता है।

### 45 दिन के युद्धविराम पर चर्चा

इससे पहले A&ios की रिपोर्ट में 45 दिन के संभावित सीजफायर पर बातचीत का जिक्र किया गया था। माना जा रहा है कि यह अस्थायी युद्धविराम आगे चलकर स्थायी शांति समझौते की दिशा में अहम कदम हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर ने अमेरिकी



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। प्रस्ताव के तहत, सीजफायर तुरंत लागू करने, होर्मुज स्ट्रेट को खोलने और 15-20 दिनों के भीतर बड़े समझौते को अंतिम रूप देने की योजना है। इस संभावित समझौते को अस्थायी तौर पर इस्लामाबाद अकॉर्ड नाम दिया गया है।

### ईरान की शर्तें

सूत्रों के मुताबिक, ईरान ने पहले यह स्पष्ट किया है कि वह स्थायी सीजफायर तभी मानेगा, जब उसे इस बात की गारंटी दी जाए कि इज़रायल और अमेरिका भविष्य में उस पर हमला नहीं करेंगे। इसके अलावा, प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज किए गए एसेट्स की रिहाई जैसे मुद्दे भी बातचीत का हिस्सा हैं। हालांकि, अब तक ईरान की ओर से इस प्रस्ताव पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं अमेरिका और अन्य देशों की तरफ से भी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### वैश्विक असर पर टिकी निगाहें

यह कूटनीतिक पहल ऐसे समय पर हो रही है, जब होर्मुज स्ट्रेट के जरिए तेल आपूर्ति बाधित होने की आशंका से वैश्विक बाजारों में चिंता बनी हुई है। यदि यह समझौता सफल होता है, तो इससे न सिर्फ क्षेत्रीय तनाव कम होगा, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार को भी बड़ी राहत मिल सकती है।

# उपार्जन केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों बारदाने - कलेक्टर

## 10 अप्रैल से प्रारंभ होगा समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन, तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा
## इस वर्ष पंजीयन में लगभग 116 प्रतिशत और रकबे में 111 प्रतिशत वृद्धि दर्ज



सीहोर (निप्र.)। सीहोर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। उपार्जन कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विशेष रूप से बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की कमी किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही तौल कांटे, नमी मापक यंत्र, साफ-सफाई, पेयजल, छाया और किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि खरीदी कार्य बिना किसी बाधा के संचालित हो सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग के आधार पर किसानों को निर्धारित समय पर ही बुलाया जाए, जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं खरीदी निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही की जाए और गुणवत्ता से समझौता न हो। किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की स्थिति का नियमित सत्यापन, किसानों के लिए स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थान और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही फायर सेफ्टी, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) की उपलब्धता, एल-1 बायोमेट्रिक डिवाइस, हम्माली व्यवस्था तथा किसानों की जानकारी दर्ज करने हेतु रजिस्टर संधारित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, नमी जांच के उपकरण तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से लगातार संवाद बनाए रखा जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। उपार्जन केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर किसी भी कमी को तुरंत दूर किया जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में कृषि उप संचालक अशोक उपाध्याय, सहकारिता उप पंजीयक सुधीर कैथवास, जिला विपणन अधिकारी नीरज भार्गव, नागरिक आपूर्ति निगम जिला प्रबंधक विवेक रंगारी, जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा भामोर, वेयर हाउस शाखा प्रबंधक एमएल सूर्यवंशी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बाल विवाह पर सख्तीः अक्षय तृतीया से पहले सभी जिलों में कंट्रोल रुम और उड़न दस्ते बनाने के निर्देश

सीहोर (निप्र.)। अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सामूहिक विवाह में बाल विवाहों को रोकने के लिए राज्य सरकार ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती जी वी रश्मि ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश में बाल विवाह की घटनाओं को शून्य करने और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण नेशनल फ़ैमिली हेल्थ सर्वे(NFHS-5) के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में बाल विवाह के मामलों में कमी आई है, लेकिन कुछ जिलों में अभी भी यह समस्या बनी हुई है। अक्षय तृतीया इस वर्ष 20 अप्रैल 2026 को है और इस दिन प्रदेश में बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह आयोजित होते हैं। ऐसे आयोजनों में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भगवान गणेश को समर्पित किया आमंत्रण



सीहोर (निप्र.)। शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी। प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रचार-प्रसार का सोमवार को श्रीगणेश किया गया है। यज्ञ व्यवस्थापक और यज्ञाचार्य सहित क्षेत्रवासियों ने शहर के प्राचीन गणेश मंदिर में पहुंचकर भगवान गणेश को आमंत्रण समर्पित किया।

मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है। गत दिनों यज्ञशाला का भूमि पूजन के अलावा ध्वजारोहण विधि-विधान से किया गया था।

## 26 अप्रैल से भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

### 25 को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

सीहोर (निप्र.)। शहर के प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आगामी 26 अप्रैल से पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरूआत 25 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से आयोजित की जाएगी। प्राचीन मंदिर में श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महंत रामभूषण दास महाराज के मार्गदर्शन में संत श्री माधव दास महाराज यज्ञ व्यवस्थापक, महंत श्री राघव दास महाराज, आशीर्वाददाता एवं प्रेरणा स्त्रोत पंडित पूनम चंद्र व्यास आदि के द्वारा यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।मंदिर परिसर में महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# राजस्व मंत्री और प्रभारी मंत्री ने सीहोर में किया साहित्यकार कर्पूरचंद्र कुलिश मार्ग का अनावरण



सीहोर (निप्र.)। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रमाकांत भार्गव, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ने सीहोर के भोपाल नाका पर आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकार, पत्रकार एवं पत्रिका समाचार पत्र के संस्थापक कर्पूरचंद्र कुलिश के जन्मशति वर्ष के अवसर पर उनके नाम पर बनाए गए कर्पूरचंद्र कुलिश मार्ग का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि इस मार्ग का नामकरण महान साहित्यकार कर्पूरचंद्र कुलिश के नाम पर किया जाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कर्पूरचंद्र कुलिश ने अपने लेखन और विचारों के माध्यम से समाज को नई दिशा दी और जनमानस को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस मार्ग से गुजरने वाला प्रत्येक व्यक्ति उनके आदर्शों, सादगी और सामाजिक सरोकारों से प्रेरणा लेगा। ऐसे महान व्यक्तित्वों के नाम पर सार्वजनिक स्थलों का नामकरण नई पीढ़ी को उनके जीवन मूल्यों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरू के., एसपी दीपक कुमार शुक्ला, रघुनाथ भाटी, रवि मालवीय, जसपाल अरोरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# पीएम मत्स्य संपदा योजना से जीवन सिंह बने सफल मत्स्य उद्यमी

सीहोर (निप्र.)। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) देश में मत्स्य क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मछली उत्पादन में वृद्धि करना, आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देना, मत्स्य पालन से जुड़े लोगों की आय बढ़ाना तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। योजना के अंतर्गत मत्स्य पालन, प्रसंस्करण, कोल्ड चेन, फिश फीड यूनिट जैसी गतिविधियों के लिए ऋण, अनुदान और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है, जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकें। सीहोर जिले के ग्राम हसनाबाद निवासी प्रगतिशील किसान जीवन सिंह को भी इस योजना का लाभ मिला है। उन्होंने इस योजना के तहत बायोफ्लॉक पोण्ड यूनिट स्थापित की है, जिसमें वे मत्स्य उत्पादन कर रहे हैं। किसान जीवन सिंह ने बताया कि वे पोण्ड में 08 से 10 हजार पंगेशियस मछली के बच्चे डालते हैं। बच्चे, दाना और लेबर खर्च मिलाकर 4.50 लाख रूपये का खर्च आता है। इसके बाद 07 से 08 माह में कुल उत्पादन 7.5 टन से 8.5 टन के करीब होता है। मछलियों को तालाब से 110 से 120 रूपये प्रति किलो के हिसाब से बेचा जाता है। जिससे लगभग 3.75 लाख रूपये तक शुद्ध लाभ प्राप्त होता है।

## मेरे अन्दर शिलालय हैं मैं सीवन हूं .. मैं विंध्याचल की बेटी हूं..मेरी सीवन मेरी शब्द कार्यक्रम में बोली सीवन पुत्री



*सीहोर। मेरी सीवन मेरे शब्द कार्यक्रम का आरम्भ हुआ जिसमें प्रदीप चावड़ा ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए,अपनी शानदार स्पीच से सभी को अचंभित कर दिया।इसके बाद सीवन बच्चों ने अपनी बातें रखिए सबसे पहले तेजस्वी सोनी ने सीवन के बारे में बताया कि जीवन दयानी माँ हम सबकी है और इसका जीवन बचाना बहुत ही जरूरी हो गया है,*

*शिवांशी जायसवाल ने सीवन के ऊपर बहुत ही सुंदर कविता बोलकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया, इसके बाद अथर्व चढ़ा ने अपनी स्पीच में बताया कि जिस जल को हम गंदा देख रहे हैं उसे भगवान पर नहीं चढ़ा सकते, मानसी सोनी ने सीवन को जीवन रेखा के रूप में बताया क्यों मानसी , इसके बाद शिव जायसवाल ने अपनी बात रखी।*

*कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक बैंक के अधिकारी सुनील भालेराव, राष्ट्रीय फुटबॉल कोच मनोज कन्नौजिया,एक सखा के फाउंडर शुभम चौरसिया, वरिष्ठ नागरिक कैलाश चावड़ा थे, सभी का उद्बोधन होने के बाद सीवन रत्न अवॉर्ड घोषित किए, राजकुमार सोनी (भूरा भैया),शिवंशी जायसवाल, तेजस्विनी सोनी, अथर्व चावड़ा, मानसी सोनी,यति बाथम को दिए गए।इसी अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत अंशुल भावसार और आशीष भावसार ने किया, कार्यक्रम में सीवन पुत्र मुकेश राय,प्रकाश यादव,कैलाश चव्हाण,दीपक दलोदिया, लोकेश सोनी,उमेश चावड़ा,बालमुकुंद राय,उज्ज्वल यादव, पप्पू बाथम,राहुल गहलोत,राजेश बाथम, श्याम मेहता,राम मेहता,ज्योति चावड़ा, सोनिया सोनी,प्रति सोनी,यति बाथम, तेजस्विनी सोनी,अथर्व चावड़ा,नितेश जायसवाल, शिवांशी जायसवाल, विकास जी, देवेंद्र आर्य,मनोज मकवाना, रमाकांत शर्मा,अशोक गांधी,विनीत गोयल, बाबु लाल माहेश्वरी,राम गोपाल आर्य,दिनेश महेश्वरी आदि उपस्थित थे ।*

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत भैरुंदा में की गई कुंए की सफाई

सीहोर (निप्र.)।कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत भैरूंदा नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 03 में कुएं की साफ सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार कचरा गाड़ी के माध्यम से वार्ड क्रमांक 13,14 और 04 में जिंगल बजाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत ग्राम खड़ीहाट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एफटीके से पेयजल संरक्षण तथा पंप ऑपरेटर्स को नल जल योजना संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

ग्राम संग्रामपुर के शासकीय हाईस्कूल में बच्चों को जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार भैरूंदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने पोस्टर बनाकर नागरिकों को जल एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

# अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

### फरवरी माह में 2,45,530 रूपये कीमत की मदिरा जब्त, 95 प्रकरण कायम कर की गई कार्रवाई

सीहोर (निप्र.)। एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को जिले में अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन रोक लगाने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले की पुलिस द्वारा मार्च माह में जिले के अनेक क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए सघन चेकिंग की गई और कार्यवाहियां भी की गईं पुलिस विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि मार्च माह में अवैध मदिरा के विरूद्ध 95 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें 2,45,530 रूपये कीमत की 606 लीटर मदिरा जब्त की गई और आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।



# पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थियों को दिया गया वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण



सीहोर (निप्र.)। भारत सरकार की पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना में लाभान्वित 18 से 23 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य इन लाभार्थियों को वित्तीय लेनदेन के मामले में जागरूक और सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण में ओम प्रकाश प्रजापति द्वारा लाभार्थियों को वित्तीय साक्षरता संबंधी पहलुओं की विस्तार पूर्वक जानकारी बच्चों को दी गई। लाभार्थियों को जरूरी खर्च एवं अनावश्यक व्यय आदि के संबंध में अवगत कराया गया, एवं शासन से प्रदान की जा रही सहायता राशि का सदुपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही सभी को रोजगार स्वरोजगार संबंधी शासन की सभी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# रविवार का दिन दर्ज हुआ इतिहास में सीवन के उद्धार का लगभग बीस ट्रॉली निकली जलकुंभी, लिया संकल्प

प्राचीन हनुमान फाटक धाम को प्रदेश का सबसे बड़ा धार्मिक क्षेत्र एवं पर्यटन बनाने की मांग

रविवार को सीवन पुत्र,सीवन पुत्री, मजदूर भाई,जूना गुजराती दर्जी समाज व संडे का सुकून टीम उतरी मैदान में



सीहोर (निप्र.)। हनुमान फाटक धाम स्थित सीवन नदी में इस समय बहुत ही जोरदार तरीके से जलकुंभी निकालो अभियान के तहत टीम रविवार को इतिहास बनाने उतरी टीम। मजदूरों एवं सीवन पुत्र टीम,जूना गुजराती दर्जी समाज एवं संडे सुकून टीम का जैसे ही जलकुंभी अभियान शुरु हुआ। मजदूर भाई पूरे उत्साह के साथ सीवन नदी में उतरे और साथ में सामाजिक संगठनों द्वारा देखते ही देखते बीस ट्रॉली से ज्यादा जलकुंभी निकाली गई ।

आज राजकुमार सोनी, भूरा भैया का एक अलग ही रूप दिखा,सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक मजदूरों का नेतृत्व करते रहे खुद भी नदी में उतर गए और लगभग से आठ ट्रॉली जलकुंभी को सीवन नदी से बाहर निकाली गई, जब सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने मजदूरों से सीवन में दिए जा रहा है योगदान के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि जिस तरह माँ की सेवा हम करते हैं उसी तरह का अनुभव हमें हो रहा है और हम दिल से यह काम करेंगे यह बातें सुनकर हमारा मनोबल भी बहुत ज्यादा बढ़ गया।

इस अवसर पर सीवन पुत्र मुकेश राय,शिव बारात अध्यक्ष लोकेश सोनी,दिनेश चावड़ा,सुधीर सोनी, दीपक दलोदिया, विनीत गोयल, अशोक गांधी, अरुण चावड़ा, नितेश जायसवाल, उमेश चावड़ा, राजेश परिहार, देवेंद्र परिहार, श्याम मेहता, राम मेहता, सीवन पुत्री में ज्योति चावड़ा, सोनिया सोनी, यति बाथम, तेजस्विनी सोनी, मानसी सोनी, प्रति सोनी उपस्थित रहे ।मजदूरों के सम्मान के मुख्य अतिथि के रूप में जूना गुजराती समाज के अध्यक्ष श्याम मेहता, मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के जिला संयोजक रमाकांत शर्मा, दामोदर वंशी गुजराती सहकारी समिति के अध्यक्ष बाबूलाल महेश्वरी उपस्थित रहे।

### भारतीय जनता पार्टी सीहोर के नवीन कार्यालय निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ

सीहोर (निप्र.)। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर बस स्टैंड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा भाजपा का झंडा फहराया गया व कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के साथ ही समस्त कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देने के साथ ही मिठाई वितरित की गई। इसके पश्चात् क्रिसेंट रिसोर्ट चौराहे के समीप स्थित भाजपा के नवीन जिला कार्यालय हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम में सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, सीहोर विधायक सुदेश राय, बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, युवा नेता कार्तिकेय चौहान, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्षगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारी सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने वर्चुअली वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल के संबोधन को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं की दम पर है ।

## रोटरी क्लब की प्रेरणा से अनेक लोगों ने देहदान का संकल्प लिया

### इस नेक कार्य के लिए मंच ने किया स्वागत और सम्मान

सीहोर (निप्र.)। रोटरी क्लब की प्रेरणा और जागरूकता अभियानों के फलस्वरूप भारत में अनेक लोगों ने देहदान और अंगदान का संकल्प लिया है। इस नेक कार्य का उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए देहदान के महत्व को बढ़ावा देना है।

रोटरी क्लब सीहोर द्वारा आयोजित डीजी विजिट कार्यक्रम के दौरान सेवा और मानवता का एक अत्यंत प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। इस गरिमामय अवसर पर रोटरी क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम में समाजहित के महत्वपूर्ण संकल्प लिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. कैलाश अग्रवाल ने देहदान की घोषणा कर सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत प्रस्तुत किया। उनके इस सराहनीय निर्णय ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को भावुक एवं प्रेरित किया। इसके साथ ही विजयवर्गीय परिवार के तीन सदस्यों श्वेता विजयवर्गीय, शशि विजयवर्गीय एवं मधुर विजयवर्गीय ने भी अंगदान एवं देहदान का संकल्प लेकर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। परिवार द्वारा लिया गया यह सामूहिक संकल्प कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा और सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत बना। डीजी विजिट जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में इस प्रकार की पहल ने यह संदेश दिया कि रोटरी केवल सेवा की बात नहीं करता, बल्कि उसे व्यवहार में भी उतारता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी रोटेरियन साथियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब सीहोर ने इस अवसर पर शहरवासियों से अपील की कि वे भी अंगदान एवं देहदान जैसे महादान के लिए आगे आएं और मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

# चर्च मैदान पर फुटबाल मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर मिनी वाइज को 2-0 से हराया

सीहोर (निप्र.)। शहर के चर्च मैदान पर सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें शाम को खेले गए एक तरफा मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर मिनी वाइज को 2-0 से हराया। इसके अलावा यहां पर जारी निशुल्क प्रशिक्षण के दौरान सीहोर क्लब, सीहोर बाइज, सीहोर चिल्ड्रन, डीएसवायडब्ल्यू, मिनी बाइज आदि टीम के खिलाड़ियों ने अभ्यास किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी कमलेश अग्रवाल, आनंद उपाध्याय, मनोज कन्नोजिया आदि ने किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को खेले गए, इस मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन की ओर से वरुण-अक्षांत ने एक-एक गोल किया था। जिसके बदौलत सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने सीहोर मिनी वाइज टीम को 2-0 से हराया।



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com